## खबर संक्षेप

### श्रीमद महाशिवपुराण एवं राम कथा के प्रवचन का आयोजन



**परासिया :-** परासिया तहसील के अंतर्गत ग्राम धमनिया मुठुआ बाबा शिवा मंदिर में आज बुधवार को नगर में कलश यात्रा का नगर भ्रमण के बाद शिव महापुराण कथा का प्रवचन प्रारंभ हो गया है । यह आयोजन 13 जनवरी तक जारी रहेगा । इस धार्मिक आयोजन में प्रवचन कथा व्यास पंडित बिहारीलाल शास्त्री , उदयपुर रायसेन द्वारा किया जा रहा है। यह आयोजन नगर वासियों के द्वारा मकर संक्रांति के पर्व के अवसर पर हो रहा है । इस आयोजन में शिव महापुराण एवं राम कथा से संबंधित कथाओं का मार्मिक प्रवचन ग्रामीण एवं आसपास के लोगों को सुनने को मिलेगा । आयोजकों ने श्रीमद भागवत के आयोजन में स्थानीय क्षेत्र वासियों को आमंत्रित कर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है । कथा का प्रवचन दोपहर 1 से 4 तक एवं शाम 8 से 10 बजे तक होगा। 13 जनवरी को पूर्ण आहुति के साथ भंडारा प्रसाद का वितरण कर कार्यक्रम का समापन होगा ।

### आज पायली में करेगी कंबल वितरण

**परासिया :-** परासिया विधानसभा क्षेत्र के पायली ग्राम में आदर्श समर्पण विकास फाउंडेशन के तत्वावधान में जरूरतमंदों के लिए कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन आज 8 जनवरी गुरुवार को होगा ।कड़ाके की ठंड को ध्यान में रखते हुए आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य गरीब , असहाय एवं जरूरतमंद लोगों को ठंड से राहत पहुंचाना है । फाउंडेशन द्वारा बड़ी संख्या में जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए जाने की तैयारी पूरी कर ली गई है ।कार्यक्रम के संयोजक सतीश नागवंशी ने बताया , कि समाज सेवा ही फाउंडेशन का मूल लक्ष्य है और मानवता के प्रति संवेदनशीलता के साथ इस प्रकार के कार्य निरंतर किए जाते रहेंगे ।

## अमरवाडा थाना पुलिस ने किया हत्याकांड का खुलासा, पुलिस ने दर्ज किया मामला

# लकड़ी से मारपीट कर की थी हत्या, आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

अमरवाड़ा थाना पुलिस ने विगत दिनों बाराहीरा में हुई युवक की हत्या का खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। मिली जानकारी के अनुसार 2 जनवरी को प्रार्थी (ग्राम कोटवार) राजकुमार डेहरिया ने थाना अमरवाड़ा आकर रिपोर्ट लेख कराया था कि गांव में रहने वाला संतोष पवार पिता मंगलू पवार को गांव के श्रीदयाल यादव पिता सुखराम यादव ने दिनांक 01.01.26 को रात में ग्राम बाराहीरा के रंगमंच के पास गाली गलौंच कर लकड़ी से मारपीट किया जिससे संतोष पवार को सिर में, सीने में, चेहरे मे बायी तरफ गंभीर चोट लगकर सिर से खून निकल रहा था और बोल नही पा रहा था बेहोश हालत में पडा था। ग्राम कोटवार द्वारा घायल संतोष पवार को एम्बुलेंस से शासकीय अस्पताल अमरवाडा लेकर आया डॉ साहब ने घायल संतोष पवार को प्राथमिक इलाज कर चोट गंभीर प्रवत्ति की होने से घायल का अग्रिम इलाज के लिये जिला अस्पताल छिंदवाड़ा रेफर कर दिये। प्रार्थी ग्राम कोटवार की रिपोर्ट पर थाना अमरवाड़ा में अपराध क्रमांक 04/26 धारा-296 बी, 115(2),118(1) बी. एन. एस. का कायम कर विवेचना में लिया गया एवं आरोपी श्रीदयाल यादव पिता सुखराम यादव निवासी ग्राम बाराहीरा थाना अमरवाडा जिला छिंदवाड़ा की तलाश पतासाजी प्रारंभ की गई। घटना में घायल संतोष पवार की शासकीय अस्पताल छिंदवाड़ा में ईलाज के दौरान मृत्यु हो गयी। मृतक का शव पंचनामा कार्यवाही की जाकर जांच में लिया गया। मृतक संतोष पवार की पीएम रिपोर्ट प्राप्त की गई जिसमे पी.एम. कर्ता डाक्टर द्वारा मृतक की मृत्यू का कारण सिर में आई गंभीर चोट से मृत्यु होना लेख करने पर आरोपी श्रीदयाल यादव के विरूद्ध प्रकरण में धारा 103(1) भारतीय न्याय संहिता 2023 का ईजाफा किया गया। अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) अमरवाडा श्रीमति कल्याणी वरकड़े के नेतृत्व में थाना प्रभारी अमरवाड़ा द्वारा पुलिस टीम गठित की गई तथा आरोपी तलाश हेतु मुखबिर तंत्र सक्रिय किये गये एवं घटना के संबंध में साक्ष्य एकत्रित किये गये। विवेचना दौरान हत्याकांड के सबंध में सूक्ष्मता से कार्यवाही कर घटना की कड़ी से कड़ी जोड़कर साक्ष्य एकत्रित किये गये दिनांक 07/01/2026 को आरोपी श्रीदयाल यादव को गिरफ्तार किया गया आरोपी ने पूछताछ में बताया कि मृतक संतोष पवार घटना दिनांक को गांव के रैदास मंच के पास बैठा हुआ था तभी आरोपी श्रीदयाल खेत मे पानी बगा कर रास्ते से अपने घर जा रहा था मृतक संतोष पवार ने आरोपी श्रीदयाल को देखकर इसके साथ शराब के नशे में गाली गलौच करने लगा था इसी कारण से आरोपी श्रीदयाल यादव ने मृतक संतोष पवार को पास में पड़ी लाठी से सिर में, सीने में, चेहरे मारा जिससे मृतक को गंभीर चोट लगी और मृतक वही बेहोश होकर गिर गया और आरोपी श्रीदयाल यादव वहां से भागकर घर आ गया। आरोपी के द्वारा पूछताछ में बताये अनुसार आरोपी को घटना स्थल ले जाकर घटना में प्रयुक्त लाठी एवं घटना के समय पहने हुए कपडे जप्त किया जाकर आरोपी कि गिरफ्तारी कर हिरासत में लिया गया है।

## भाजपा जिला अध्यक्ष ने भी जताया शोक

# गरीब दास बाबा के निधन पर सांसद और पूर्व सीएम ने जताया दुख

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा



चौरागढ़ महादेव के अनन्य उपासक, सिद्ध संत और पचमढ़ी की आध्यात्मिक पहचान परम पूज्य गरीब दास बाबा के ब्रह्मलीन हो जाने पर सांसद बंटी विवेक साहू ने दुख व्यक्त किया है। अपने शोक संदेश में सांसद श्री साहू ने कहा है कि गरीब दास बाबा केवल एक संत नहीं, बल्कि आस्था, तपस्या और त्याग का जीवंत प्रतीक थे। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन भगवान शिव की आराधना, कठिन तप और दीन-दुखियों की सेवा में समर्पित कर दिया था। बाबा मुख्य रूप से चौरागढ़ शिखर (लगभग 1326 मीटर ऊंचाई) पर निवास करने वाले संत के रूप में विख्यात थे और क्षेत्र के सिद्ध संतों में उनकी विशेष पहचान थी। सांसद श्री साहू ने कहा कि चौरागढ़ की दुर्गम पहाड़ियों पर शिवभक्ति की अलख जगाने और त्रिशूल अर्पण की परंपरा को जीवंत बनाए रखने में बाबा की भूमिका अविस्मरणीय रही।

### गरीबदास महाराज का देवलोक गमन, कमलनाथ व नकुलनाथ ने गहन दुख व्यक्त किया

सिद्ध चौरागढ़ महादेव मंदिर के महंत श्री श्री 1008 गरीबदास जी महाराज के देवलोक गमन पर मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ ने गहन दुख व्यक्त किया है। अपनी शोक संवेदनाएं प्रगट की। कमलनाथ ने अपने शोक संदेश में कहा कि महंत गरीबदास जी महाराज के देवलोक गमन का दुखद समाचार प्राप्त हुआ। सर्व महंत समाज व सर्वसमाज के लिए महाराज जी का देवलोक गमन अपूरणीय क्षति है। मुझे समय-समय पर महाराज जी की सेवा का अवसर प्राप्त हुआ है। उनका स्नेह व मार्गदर्शन हमेशा प्राप्त हुआ। उनका देवलोक गमन मेरे लिए व्यक्तिगत क्षति है। नकुलनाथ ने गहन दुख व्यक्त करते हुए कहा कि सिद्ध व प्रसिद्ध चौरागढ़ महादेव मंदिर के महंत श्रीश्री 1008 गरीबदास जी महाराज का देवलोक गमन दुखद है। समाज में धर्म की ध्वजा लहराने, शिष्यों पर स्नेह व आशीर्वाद बरसाते हुए देह त्यागने वाले महाराज जी ने समाज को भक्ति व धर्म का मार्ग दिखाया। मैं सौभाग्यशाली हूं कि मुझे उनका सानिध्य व शुभाशीष प्राप्त हुआ। ईश्वर दिवंगत पुण्यात्मा को श्री चरणों में स्थान दें साथ ही समस्त भक्तों को यह दुख सहन करने की क्षमता प्रदान करें।

### भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने व्यक्त किया शोक

**छिंदवाड़ा।** परम पूज्य 1008 गरीबदास जी महाराज चौरागढ महादेव मंदिर वाले के देवलोक गमन पर भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने कहा कि गुरुदेव गरीबदास जी महाराज का देवलोक गमन संपूर्ण समाज के लिए अपूर्णीय क्षति है। उन्होंने कहा कि गुरुदेव का आशीर्वाद हमेशा सभी के ऊपर बना रहे।

## अवैध गुमटीधारियों पर चला निगम का डंडा, दुकानदारों को दी सख्त हिदायत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

नगर निगम आयुक्त सी.पी.राय के निर्देशानुसार नगर निगम द्वारा शहर में अतिक्रमण के विरुद्ध निरंतर कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में आज योजना कार्यालय के पास स्थित अवैध गुमठी को हटाया गया। साथ ही विद्या निकेतन स्कूल के गेट के सामने अतिक्रमण कर लगाए गए कपड़े एवं फल विक्रेताओं को हटाया गया तथा संबंधित व्यक्तियों को भविष्य में दोबारा दुकान न लगाने की हिदायत दी गई। विद्या भूमि स्कूल जाने वाले मार्ग पर आठ मकान मालिकों द्वारा सड़क की ओर किए गए अतिक्रमण को हटाकर लगभग सात सौ वर्गफुट शासकीय भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया। नगर निगम द्वारा स्पष्ट किया गया है कि आगे भी अतिक्रमण के विरुद्ध कार्यवाही जारी रहेगी। नागरिकों से अपील है कि वे सार्वजनिक मार्गों एवं शासकीय भूमि पर अतिक्रमण न करें।

## सौंसर जनपद सीईओ का बढ़ा कद, शासन ने दी पदोन्नति

**सौंसर।** जनपद पंचायत परिसर में मैं बुधवार को सौसर जनपद सीईओ प्रफुल्ल लव्हाले पदोन्नति पर जनपद पंचायत सौसर सरपंच संघ सचिव संघ एवं अन्य संगठनों की ओर से विदाई समारोह का आयोजन किया।कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि के रूप में पांढुर्णा कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ, सौसरएसडीएम सिद्धार्थ पटेल, डिप्टी कलेक्टर प्रियंक मिश्रा, आरईएस ईई प्रवीण सोनी, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष नारायण वाढ़बूधे, आदि थे।कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर जनपद पंचायत सौसर से जुड़े हुए विभिन्न संगठनों की ओर से प्रफुल्ल लव्हाले पुष्पमाला पहनकर उपहार देकर स्वागत सत्कार किया गया। सौसर जनपद सीईओ प्रफुल्ल लव्हाले की सहायक आयुक्त सहकारिता विभाग जिला सिवनी में पदोन्नति हुई है। विदाई एवं सत्कार समारोह को संबोधित करते हुए पांढुर्णा कलेक्टर श्री वशिष्ठ ने कहा कि प्रफुल्ल लव्हाले पदोन्नति होने पर बधाई प्रेषित करता हूं। जनपद पंचायत में सीईओ के पद पर रहते हुए अनुशासन एकाग्रता और शासन के विभिन्न योजनाओं के कार्यों को बेहतर तरीके से संपन्न करने के लिए अहम भूमिका निभाई है।इस दौरान श्री प्रफुल्ल लव्हाले कहां कि मुझे जनपद पंचायत में कार्य करते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के साथ-साथ सभी सरपंच सचिव का बहुत सात सहयोग आशीर्वाद मिला है उसके लिए मैं उनका दिल से आभारी हूं।काम करने के दौरान मेरा हमेशा प्रयास रहा है कि दुखी व्यक्ति जो है उनकी समस्याओं का जल्द से जल्द निराकरण करूं और उनके चेहरे पर मुस्कान लाउ, मुझे लगता है कि सभी ने इसी तर्ज पर काम करना चाहिए।विदाई समारोह का संचालन सचिव योगेश भद्रे ने किया, आयोजन में सरपंच नितेश ठाकरे, सूर्यभान चिकटे, उप यंत्री कार्तिक पाटिल सुरेश लूटे, मोतीराम ठाकरे, धर्मेंद्र खिलवाड़ी, सुधीर राउत रोजगार सहायक विष्णु घोड़मारे,आदि थे।

## जल का बताया गया महत्व और ली शपथ

**छिंदवाड़ा।** जल के महत्व को जन जन तक पहुचाने हेतु मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड भोपाल के सहयोग से कुकड़ा ग्राम उत्थान समिति के द्वारा लाईफ स्टाईल फार इनवायरमेंट की विषय वस्तु पर जल संवाद को लेकर छिंदवाड़ा विकास खंड के ग्राम थावरी टेका के पंचायत भवन मे जागरूकता कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर श्यामल राव ने उपस्थित ग्रामीणों को बताया की भीषण गर्मी मे जल का स्तर गिर जाने की वजह से पीने योग्य पानी की कमी रहती हे यदि हम प्राकृतिक जल स्त्रोतों एवं नलो से मिलने वाले पानी को किस तरह से बरबाद कर रहे है।

## जरूरतमंदों को 100 कंबलों का किया वितरण



**परासिया :-** कोयलांचल की सामाजिक संस्था उड़ान द्वारा हर्रई की झुग्गी बस्तियों में जरूरतमंदों को 100 कंबलों का वितरण किया गया । बस्तियों में रहने वाले कंबल पाकर खुश हो गए । सामाजिक संस्था उड़ान द्वारा विगत 15 वर्षों से इस तरह के सराहनीय कार्य समाज में करते चली आ रही है । इस मौके पर डॉक्टर मधु बत्रा , रिटायर शिक्षिका सुरेंद्र कौर खंडूजा , अनीता गुप्ता , शिक्षक जेठू लाल सोनी मौजूद रहे ।

## सहकारी बैंक में प्रशिक्षण का हुआ समापन



**छिंदवाड़ा :-** जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित छिंदवाड़ा में मध्य प्रदेश राज्य सहकारी संघ मर्यादित भोपाल के माध्यम से समिति प्रबंध को के लिए प्रभावी नेतृत्व विकास विषय पर दिनांक 5 जनवरी से आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ । जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के सभागार में चल रहे प्रशिक्षण में कार्यक्रम समन्वयक पी के परिहार, पूर्व संयुक्त पंजीयक श्री कुमार जोशी ने जिले की विभिन्न समितियों से आए प्रशिक्षुओं ( समिति प्रबंधकों ) के प्रश्नों और जिज्ञासाओं का समाधान के साथ अपने पद के दायित्वों का निर्वहन व संपादन हेतु प्रशिक्षित किया।

## उभेगांव में 4, 5 एवं 6 अप्रैल को होगा वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

ग्राम उभेगांव में सकल तारण तरण दिगंबर जैन समाज द्वारा सुंदर एवं मनोहारी श्री तारण तरण दिगंबर जैन चैत्यालयजी का भव्य निर्माण किया गया। मनोहारी चैत्यालयजी का तीन दिवसीय वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव आगामी 4, 5 एवं 6 अप्रैल को होना निश्चित हुआ है, जिसे कराने का सौभाग्य जिनशासन सेवक सवाई सेठ परिवार छिंदवाड़ा, उभेगांव एवं चांद को प्राप्त हुआ है।जिनके मंगल आमंत्रण पर उभेगांव में छिंदवाड़ा एवं सिवनी जिले की सकल तारण समाज, नवयुवक मंडल की विशेष बैठक आयोजित की गई, जिसमें सैकड़ों की संख्या में गुरुभक्त साधर्मी सम्मिलित हुए और अपने सुंदर विचार रखकर महोत्सव को ऐतिहासिक रूप से मनाने का निर्णय लिया।सुंदर एवं सफल बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ समाज सेवी कस्तूर चंद जैन ने, मंच संचालन छिंदवाड़ा तारण समाज के अध्यक्ष प्रदीप जैन स्नेही एवं आभार प्रदर्शन बीआरसी संगीत जैन द्वारा किया गया।आपको बता दें की इस बैठक में छिंदवाड़ा, सिवनी, अमरवाड़ा, चौरई, कुंडा, सिंगोड़ी, चांद, गुरैया, खवाशा, ख़मारा, पांजरा, सिहोरा, झिलमिली, बांका, लोधीखेड़ा, उभेगांव सहित पूरे जिले से सैकड़ों गुरुभक्त तारण बंधु सम्मिलित हुए और सभी ने वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव को ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया।

## जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता के साथ पूर्ण करें: कलेक्टर

### कलेक्टर श्री वशिष्ठ ने की समय सीमा की समीक्षा बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में समय-सीमा (TL) बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों, जनशिकायतों तथा विकास कार्यों की प्रगति की विभागवार समीक्षा की गई और संबंधित अधिकारियों द्वारा अद्यतन प्रतिवेदन प्रस्तुत किए गए।

समीक्षा के दौरान शासन की मंशा के अनुरूप "सुशासन सप्ताह" एवं सीएम हेल्पलाइन से प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण, समयबद्ध एवं संतोषजनक निराकरण पर विशेष बल दिया गया। कलेक्टर श्री वशिष्ठ ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनहित से जुड़े प्रत्येक प्रकरण को प्राथमिकता के आधार पर निर्धारित समय-सीमा में निराकृत किया जाए।

राजस्व एवं अनुकंपा नियुक्ति- अनुकंपा नियुक्ति अंतर्गत रवि कुमार साहु के प्रकरण में जिला कार्यालय के आरक्षण रोस्टर के अनुसार ओबीसी संवर्ग का पद वर्तमान में रिक्त न होने के कारण अन्य विभागों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की जा रही है।

भूमि सुधार से संबंधित प्रकरणों में कृषि भूमि के नक्शा दुरुस्ती एवं नामांतरण की कार्यवाही सतत जारी है। ग्राम काराघाट कामठी में नामांतरण आदेश पारित कर राजस्व अभिलेख अद्यतन कर दिए गए हैं। साथ ही ग्राम राजोरकला में अतिक्रमण हटाने एवं क्षेत्र में बढ़ रही अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। पांढुर्णा से वर्धा नदी मार्ग (11.20 किमी) के जीर्णोद्धार हेतु 4500 लाख रुपये का प्रस्ताव उच्चाधिकारियों को प्रेषित किया गया है। ग्राम बानाबाकोडा एवं देवी (हनुमान मंदिर के पास) में नवीन पुलिया निर्माण हेतु प्रस्ताव तैयार किए गए हैं। इसके अतिरिक्त पांढुर्णा मोक्षधाम के सौंदर्यीकरण एवं समतलीकरण के लिए प्रथम स्तरीय प्राक्कलन स्वीकृति हेतु भेजा गया है।

## प्राकृतिक खेती से मोरेश्वर कमा रहे 8–9 लाख रुपये प्रतिवर्ष

### आत्मा परियोजना एवं कृषि विभाग के मार्गदर्शन में बदलाव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

यह प्रेरणादायी कहानी जिला पांढुर्णा के सौंसर विकास खंड में निवासरत कृषक मोरेश्वर डांडवे की है, जिन्होंने परंपरागत खेती से आगे बढ़कर प्राकृतिक खेती और नवाचारों को अपनाते हुए अपनी आय और आत्मनिर्भरता को नई दिशा दी। कृषक मोरेश्वर डांडवे के पास खसरा नंबर 215/1 एवं 215/2 की कुल 4.5 एकड़ कृषि भूमि है। वर्तमान में वे संतरा, गेहूं, लाकाडोना हल्दी, ब्लैक पोटेटो, कंटोला जैसी विविध फसलों की खेती कर रहे हैं तथा इसके साथ-साथ पशुपालन भी कर रहे हैं। प्रारंभिक दौर में कृषक द्वारा मुख्य रूप से संतरा फसल उत्पादन किया जाता था। उनके खेत में लगभग 500 संतरा के पौधे थे, जिनसे उन्हें प्रतिवर्ष करीब तीन लाख रुपये की आय प्राप्त होती थी। इसके अतिरिक्त कुछ भूमि पर कपास एवं तुवर की खेती भी की जाती थी, जिससे लगभग एक लाख रुपये की अतिरिक्त आय होती थी। इस पूरी खेती में कुल लागत लगभग एक लाख पचास हजार रुपये आती थी और शुद्ध आय लगभग दो लाख पचास हजार रुपये रहती थी। उस समय उनके पास 10 पशु थे, जो पशुपालन का आधार बने हुए थे।

## चालान नहीं, हेलमेट देकर दिया सुरक्षा का संदेश

**चौरई।** सड़क सुरक्षा को लेकर चौरई पुलिस ने सराहनीय और मानवीय पहल करते हुए लोगों को हेलमेट वितरित कर यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। यह अभियान एसडीओपी चौरई भारती जाट के निर्देशन एवं थाना प्रभारी मोहन मर्सकोले के मार्गदर्शन में चलाया गया।अभियान के दौरान बिना हेलमेट वाहन चला रहे दोपहिया चालकों को न केवल यातायात नियमों की जानकारी दी गई, बल्कि उन्हें हेलमेट देकर सुरक्षित वाहन चलाने के लिए प्रेरित किया गया। पुलिस का उद्देश्य दंडात्मक कार्रवाई के बजाय जनजागरूकता के माध्यम से सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना बताया गया।इस मौके पर स.उ.नि.नितेश ठाकुर, स.उ.नि. हिरेशी नागेश्वर, आर. सूर्योदय बघेल ,सैनिक दिलीप चौबे सहित पुलिस स्टाफ मौजूद रहा। स्थानीय लोगों ने पुलिस की इस सकारात्मक सोच की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयासों से यातायात नियमों के प्रति लोगों का नजरिया बदलेगा और जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित होगी। पुलिस ने चालान के बजाय हेलमेट देकर हमें समझाया ये सच में दिल को छू गया। ऐसे प्रयासों से लोग नियमों का पालन करेंगे और सड़कें सुरक्षित होंगी।



## विकसित भारत रोजगार और आजीविका मिशन की गारंटी बिल पर पत्रकारों से की चर्चा

# विकसित भारत की दिशा में ग्रामीण रोजगार का नया, भरोसेमंद और पारदर्शी मॉडल: राकेश सिंह



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

कैबिनेट मंत्री लोक निर्माण विभाग मध्यप्रदेश एवं जिले के प्रभारी मंत्री राकेश सिंह एवं भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने जिला भाजपा कार्यालय में विकसित भारत रोजगार और आजीविका मिशन की गारंटी बिल पर पत्रकारों से चर्चा किए।

कैबिनेट मंत्री लोक निर्माण विभाग मध्यप्रदेश एवं जिले के प्रभारी मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत की दिशा में ग्रामीण रोजगार का नया भरोसेमंद मॉडल बना है, जो की रोजगार की गारंटी देते हुए भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने आज तक महात्मा गांधी के नाम का उपयोग केवल वोट के लिए किया। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी की जो प्रिय था कांग्रेस ने हमेशा उससे परहेज किया। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी को स्वच्छता प्रिय रही लेकिन जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छता अभियान प्रारंभ किया तब सबसे ज्यादा विरोध कांग्रेस ने की। उन्होंने कहा कि स्वच्छता अभियान को लेकर कांग्रेस ने तरह तरह की बात की। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी भ्रष्टाचार मुक्त भारत चाहते थे लेकिन जब भ्रष्टाचार मुक्त भारत का अभियान प्रारंभ हुआ तब सबसे ज्यादा विरोध कांग्रेस ने की।

विकसित भारत रोजगार और आजीविका मिशन की गारंटी बिल पर चर्चा करते हुए प्रभारी मंत्री राजेश सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने रोजगार की गारंटी वाला बिल लाई है जिसमें रोजगार की गारंटी दी गई है। उन्होंने कहा कि मनरेगा में 100 दिन के रोजगार की बात थी लेकिन नए बिल में 125 दिन के रोजगार की गारंटी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस योजना को लेकर झूठ बोलने का भ्रम फैलाकर किसान और गरीब मजदूर तथा जनता को गुमराह कर रही है, जबकि यह योजना से मजदूर और किसानों को अधिक लाभ मिलेगा यह लाभकारी योजना है। प्रभारी मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में VB-G RAM G ग्रामीण रोजगार को सशक्त बनाने की दिशा में एक निर्णायक कदम है। जहाँ 125 दिन की कानूनी रोजगार गारंटी, साप्ताहिक मजदूरी भुगतान, खेती के मौसम में 60 दिनों का समुचित ब्रेक और बायोमेट्रिक व AI आधारित निगरानी के माध्यम से पारदर्शिता और भरोसे को नई मजबूती मिली है। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ योजना नहीं, करोड़ों ग्रामीण परिवारों के जीवन में स्थिरता और सम्मान का संकल्प है। प्रभारी मंत्री ने बताया कि मनरेगा में जो काम मशीनों से ही संभव था लेकिन फिर भी मशीनों से काम नहीं किया जा सकता था।

## टीएल की बैठक में कलेक्टर ने खनिज विभाग के अधिकारियों को अवैध उत्खनन पर दी नसीहत

# लंबे अरसे से हो रहे अवैध उत्खनन पर कब लगेगी लगाम?

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय के सभा कक्ष में जिला कलेक्टर ने समय सीमा मै प्रकरणों की समीक्षा बैठक ली। कलेक्टर ने समीक्षा बैठक में जिले भर में हो रहे अवैध रेत के उत्खनन परिवहन को लेकर आ रही शिकायतों पर कड़ी नाराजगी जतलाई और जिला खनिज अधिकारी को स्पष्ट निर्देश दिए कि खनिज के अवैध उत्खनन परिवहन पर पूरी नजर रखें और पाए जाने पर नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाए लेकिन तामिया तहसील में उनके निर्देशों की किस तरह अनदेखी होती है । लंबे अरसे से तामियां तहसील के देला खारी, कुर्सी ढाना सहित अन्य क्षेत्रों में बहने वाले नदी नालों से रेत का अवैध उत्खनन बेखौफ जारी है। कलेक्टर के निर्देशों के बावजूद खनिज विभाग ने निर्देशों उलघंन का नजारा तामिया मै देखने मिला कि बीती रात लगभग दो दर्जन ट्रैक्टर ट्रक रेत का अवैध खनन कर



रात भर परिवहन करते रहे यह सिलसिला मध्य रात्रि से दिन के उजाले तक रेत ले जाते वाहनों कतार देखी गई। सनद रहे खनिज निरीक्षक ने बरसों से हो रही रेत चोरी पर कोई ठोस कार्यवाही नहीं किये जाने के कारण रेत का अवैध व्यवसाय जमकर फल फूल है। रेत चोरी करने वाले कितने निश्चित है कि मुख्य मार्ग सार्वजनिक स्थान चल रहे निर्माण कार्यों में रेत डंप करते करते हैं, जिसका जीता जागता उदाहरण बीती रात एक ट्रक दो रेत के ट्रैक्टर थाने के पीछे चल रहे सांदिपनी स्कूल निर्माण स्थल पर डाली गई जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि रेत चोरों को खनिज विभाग के साथ साथ पुलिस एवं राजस्व का भी भय नहीं है। थाने के पीछे चल रहे निर्माण कार्य पर चोरी की रेत का डंप किया जाना उनका रसूख एवं खनिज विभाग की लाचारी ही प्रदर्शित करता है।

इस तरह तामिया तहसील में कलेक्टर के रेत के अवैध परिवहन उत्खनन पर दिए गए निर्देश का खुला उल्लंघन अधिकारियों के संरक्षण में रेत चोर कर रहे हैं जिसका उदाहरण सदिपनी स्कूल में डाली गई रेत खुला उदाहरण है।

### सावित्रीबाई फुले के जन्मदिन पर हुआ तीन दिनी आयोजन

**सौंसर।** महिलाओं को शिक्षा का अधिकार देने क्रांतिज्योति सावित्रीबाई फुले जंयती उपलक्ष्य में महात्मा ज्योतिबा फुले विकास मंडल के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रमो का आयोजन किया गया तीन दिनों तक चल जयंती उत्सव में सामाजिक धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ जिसमें बड़ी संख्या में समाज बंधुओ ने भाग लेकर आयोजन को सफल बनाया। समापन अवसर पर महात्मा ज्योतिबा फूले सभागृह में पुरस्कार वितरण किया गया,आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महाराष्ट्र के विधायक उमेश उर्फ चंदू यावलकर, जितेन्द्र सैनी, पूर्व अध्यक्ष प्रभाकर बोबडे, धनराज सरोदे, मंडल अध्यक्ष पवन सरोदे,पूर्व नप नीता बोडखे, कुशल वानखेडे, पवन बोडखे, जयंत फसाटे उपस्थित थे।पुरस्कार वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाराष्ट्र के विधायक श्री जावलकर ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले और सावित्रीबाई फुले के द्वारा उन विपरीत परिस्थितियों में यदि शिक्षा का महत्व को समाज को नहीं समझते तो आज हम यहां पर नहीं होते थे, आज इस देश में महिलाएं जिन पदों पर पहुंची है वह सिर्फ और सिर्फ ए सावित्रीबाई फुले की देन है। सावित्रीबाई फुले ने शिक्षा के माध्यम से सामाजिक क्रांति की नींव रखी। महिला शिक्षा, समानता और सामाजिक न्याय के लिये जो संघर्ष किया वह आज भी समाज के लिये मार्गदर्शक हैं।महिलाओं के लिए सच्ची विद्या की देवी यदि कोई है तो वह आई सावित्रीबाई फुले है।




### गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाए जाने को लेकर बैठक आज

**जुन्नारदेव।** राष्ट्रीय पाव 26 जनवरी 2026 गणतंत्र दिवस को हर्षोल्लास के साथ मनाए जाने को लेकर बैठक का आयोजन 8 जनवरी 2026 गुरुवार को दोपहर 1:00 बजे अनुविभागीय अधिकारी राजस्व की अध्यक्षता में किया गया है। बैठक के दौरान कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की जाएगी। बैठक में नगर के जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, शासकीय सेवक एवं पत्रकारगण उपस्थित रहेंगे।

### हजूर साहिब के दर्शन हेतु जत्था रवाना, 60 श्रद्धालु नांदेड़ पहुंच कर करेंगे अरदास



**जुन्नारदेव।** पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र के नांदेड़ में सिख पंथ के दसवें गुरु साहिब गोविंद सिंहजी का तखत हुजूर साहिब है। सनातन धर्म सहित सिख, पंजाबी एवं सिंधी समुदाय में नांदेड के इस पांचवें तख्त हुजूर साहिब का अपना एक अलग खासा महत्व है। नगर जुन्नारदेव के लगभग 63 श्रद्धालुजन अपनी इस तीन दिवसीय धार्मिक यात्रा हेतु बुधवार की प्रातः नांदेड के इन्हीं तखत साहब के दर्शन हेतु एक बस में रवाना हुए हैं। 63 श्रद्धालुओं के इस दल में महिलाओं व बुजुर्गों सहित बच्चे व युवजन भी मौजूद है। यह दल गुरुवार को नांदेड़ पहुंचकर गुरु साहिब गोविंद सिंह के शहादत के प्रतीक इस पांचवें तख्त साहिब पर पहुंचकर विशेष रूप से शब्द कीर्तन व अरदास करेगा। इसके पश्चात यह दल अपनी सनातन संस्कृति को करीब से आत्मसात करने हेतु नांदेड़ सहित आसपास के क्षेत्र के विभिन्न गुरुद्वारा सहित धार्मिक स्थलों का भ्रमण करेगा। यह दल श्री गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा जुन्नारदेव के प्रमुख ग्रंथी सरदार राजपाल सिंह के नेतृत्व में रवाना हुआ है। सिख पंथ के दसवें गुरु साहिब गुरु गोविंद सिंह जी के इस पांचवें तख्त साहिब के दर्शन हेतु रवाना हुये इस 63 सदस्यीय दल को विदाई देने के लिए बुधवार प्रातः को शहर के सम्मानित नगरवासी सहित इन श्रद्धालुओं के परिजन बड़ी संख्या में गुरुद्वारा पहुंचे। जहां पर गुरुद्वारा में अरदास करके यह दल गंतव्य की ओर रवाना हुआ। इस दौरान श्रद्धालुओं को विदाई के इस अवसर पर शाल, श्रीफल एवं पगड़ी पहनकर सम्मानित भी किया गया। नांदेड़ स्थित श्री हजूर साहिब के दर्शन करने जुन्नारदेव से रवाना हुए इसे 63 सदस्यीय दल का जगह-जगह भव्य स्वागत व सम्मान किया गया है। जुन्नारदेव से निकली इस बस का सर्वप्रथम बैतूल जिले के सारणी, बगडोना, घोड़ाडोंगरी एवं बैतूल में भव्य स्वागत किया गया। यहां पर सिख समुदाय सहित सनातन वर्ग के लोगों ने इन श्रद्धालुओं को शाल, श्रीफल व पगड़ी पहनकर सम्मानित किया तथा इन्हें गुरुद्वारे से अटूट लंगर में हिस्सेदारी भी दी गई। जगह-जगह किए गए इस आत्मीय स्वागत से नांदेड़ जा रहे इन श्रद्धालुओं की आत्मशक्ति में अपार वृद्धि हुई है और वह अपने आप में एक अनूठे रूप में आत्ममुग्ध हो रहे हैं।

### राष्ट्रपति के नाम बामसेफ अधिवेशन को लेकर सौंपा ज्ञापन

**सौंसर।** बुधवार को भारत मुक्ति मोर्चा, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा की ओर से महामहिम राष्ट्रपति के नाम अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सौंसर के द्वारा ज्ञापन दिया,ज्ञापन में विजय घाटोड,प्रदीप सोमकुंवर,वहीद कुरेशी ने बताया की बामसेफ भारत मुक्ति मोर्चा का राष्ट्रीय अधिवेशन दिसम्बर में जो कि उड़ीसा राज्य में होने वाला था लेकिन वहां कि भाजपा सरकार ने कार्यक्रम कि परमिशन देकर बाद में षड़यंत्र कर रद्द कर दि है।संगठन हमेशा से ओबीसी कि जाती आधारित जनगणना की मांग करता रहा है,संवैधानिक अधिकारों शोषित वंचितो के संदर्भ कि लड़ाई लड रहा है जिससे भाजपा सरकार डरती है सभी संगठनों ने पूरे भारत में शासन प्रशासन के माध्यम से विरोध किया आने वाली 22 फरवरी को चरणबद्ध आंदोलन समापन नागपुर आरएसएस हेडक्वार्टर को घेराव कर प्रदर्शन किया जाएगा,इस दौरान भगवान श्रीरामे, प्रकाश सरोदे,आकाश बागड़े,प्रदिप सोमकुवर,महेश बैस, अरुण बागड़े, महादेव गोडबोले,सैफ अली प्रमुखता से उपस्थित थे।

## इंदौर जल त्रासदी के विरोध में कांग्रेस का उग्र प्रदर्शन

### जुन्नारदेव में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का पुतला दहन, सरकार के खिलाफ गूंजा आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

इंदौर में दूषित पानी से हुई दर्दनाक मौतों और प्रदेश सरकार की असंवेदनशीलता के खिलाफ आज ब्लॉक एवं नगर कांग्रेस कमेटी जुन्नारदेव के नेतृत्व में जबरदस्त जनआक्रोश देखने को मिला। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने महामहिम राज्यपाल के नाम का ज्ञापन सौंपा और पुराने बस स्टैंड, जुन्नारदेव में प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का पुतला दहन कर अपना तीखा विरोध दर्ज कराया।

प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि भाजपा शासित इंदौर नगर निगम की घोर लापरवाही के कारण दूषित पानी की आपूर्ति हुई, जिससे कई निर्दोष नागरिकों की जान चली गई। इसके बावजूद प्रदेश सरकार के जिम्मेदार मंत्रियों द्वारा संवेदनहीन बयान दिए गए, जो पीड़ित परिवारों के जख्मों पर नमक छिड़कने जैसा



है।कांग्रेस नेताओं ने मांग की कि इंदौर जल त्रासदी के लिए जिम्मेदार अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों पर तत्काल सख्त कार्रवाई की जाए

#### मृतकों के परिजनों को एक-एक करोड़ रुपये का मुआवजा दिया जाए

प्रदेश में पेयजल व्यवस्था की उच्च स्तरीय जांच कर भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जाएसाथ ही केंद्र सरकार द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कानून (मनरेगा) में किए गए बदलावों को भी मजदूर विरोधी बताते हुए कांग्रेस ने तीखा हमला बोला और कहा कि यह गरीबों की आजीविका पर सीधा प्रहार है। प्रदर्शन के दौरान "भाजपा सरकार मुर्दाबाद", "कैलाश विजयवर्गीय इस्तीफा दो", "इंदौर के मृतकों को न्याय दो"जैसे नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा।कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने शीघ्र उचित कार्रवाई नहीं की तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अरुण साहू तामिया पर्यवेक्षक घनश्याम तिवारी नगर कांग्रेस अध्यक्ष अरुणेश जायसवाल वरिष्ठ कांग्रेस नेता रमेश राय रमेश साहू अनिल मिगलानी आलोक मुखर्जी डी आर बोनिया B. L.तागड़ी अनंत बनर्जी पूरन धुर्वे सुधीर लदरे उपेंद्र शर्मा श्याम यदुवंशी शशिकांत मालवीय रियाजुद्दीन सिद्दीकी जितेंद्र अग्रवाल उस्मान खान इनायतुल्लाह खान गज्जू कैथवास अजय साहू सूरज यदुवंशी सुरेश पवार चंद्र विजय धुर्वे महिला कांग्रेस अध्यक्ष अनु वानखेडे सानिया कहर पार्षद सावित्री दुर्गे गीता बाइकर सुमन यादव सलमा बेगम जाहिदा बेगम

### वार्ड पार्षद ने आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण के लिए प्रभारी मंत्री को सौंपा मांग पत्र



**जुन्नारदेव।** नगर के वार्ड क्रमांक 8 के पार्षद प्रमोद बंदेवार ने वार्ड क्रमांक 8 में आंगनबाड़ी निर्माण हेतु लोक निर्माण विभाग मध्य प्रदेश शासन एवं प्रभारी मंत्री छिंदवाड़ा राकेश सिंह को मांग पत्र सौंपा है। मांग पत्र में कहा गया कि वार्ड क्रमांक 8 में आंगनवाड़ी भवन न होने के चलते वार्ड के बच्चे अन्यत्र वार्ड की आंगनवाड़ी में शालेय पूर्व शिक्षा ग्रहण करने के लिए जाते हैं। वार्ड की गर्भवती और गर्भधात्री महिलाओं को भी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वार्ड क्रमांक 8 में शासकीय भूमि जिसका खसरा क्रमांक 923 एवं 924 है जो रिक्त है जिस पर आंगनवाड़ी भवन निर्माण कार्य कराए जाने हेतु कार्यवाही का निवेदन है जिस वार्ड के बच्चे और महिलाओं को सुविधा प्राप्त हो सके। प्रभारी मंत्री को मांग पत्र सौंपने के दौरान वार्ड क्रमांक 12 के पार्षद राजेंद्र सूर्यवंशी एवं भाजपा नेता विपिन बिंदवारी उपस्थित थे।

## मिरगपुर में 18 जनवरी को कवि सम्मेलन और सम्मान समारोह का होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।

खैरलांजी तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम मिरगपुर में 18 जनवरी को इनायत साहित्यिक एवं सामाजिक संस्था मिरगपुर के तत्वावधान में वार्षिक स्नेहिल महोत्सव का आयोजन किया जाएगा । बताया गया की इस अवसर पर कार्यक्रम में संस्था के माध्यम से सामाजिक, शैक्षणिक, साहित्यिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले नागरिको को सम्मानित कर उन्हें प्रोत्साहित किया जाएगा। साथ ही उन्नत कृषक एंव मजदूरो को भी सम्मान प्रदान कर गौरवान्वित किया जायेगा। सम्मान समारोह के उपरांत कवि सम्मेलन की प्रस्तुती होगी। जिसमें प्रख्यात कवि व साहित्यकारो के द्वारा काव्य पाठ किया जाएगा।बताया गया की लगातार छह वर्षो से इस सामाजिक संस्था के द्वारा साहित्यिक समारोह आयोजित किया जा रहा है और सामाजिक क्षेत्र में सकारात्मक कार्य करने वालो को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जा रहा है। इस अवसर पर कार्यक्रम में क्षेत्र के जन प्रतिनिधी बतौर अतिथी के रूप में मौजूद रहेंगे। संस्था के पदाधिकारी शैलेश इनायत,राज राहांगडाले,शैलेश पारधी, संजय अश्क,राजेश साहू,शुभम गेडाम,उषा देशमुख, राजेन्द्र उके,दोहित पंद्रे, अंकित मेश्राम, निकिता ठाकरे ने अधिक से अधिक श्रोताओं को उपस्थित होने की अपील की है।

## जन्म-मृत्यु व विवाह का पंजीयन ग्राम पंचायत में अवश्य करावे- दीक्षा जैन

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

जनपद पंचायत वारासिवनी की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री दीक्षा जैन ने बताया कि ''जन्म आपका हक है और आपका पंजीयन भी जरूरी है'' तथा जीवन की शुरूआत पंजीयन के साथ की अवधारणा को लेकर जन्म-मृत्यु तथा विवाह पंजीयन की अनिवार्यता वर्तमान समय में प्रासंगिक हो गई है। वर्तमान में शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के साथ ही अनेक शासकीय कार्यो में पंजीयन प्रमाण पत्र आवश्यक हो गया है।



उन्होंने बताया कि जन्म एवं मृत्यु की घटनाओं के लिए 21 दिनों के भीतर अपनी ग्राम पंचायत के कार्यालय में उपरजिस्ट्रार/सचिव के समक्ष सूचना दे कर पंजीयन कराया जा सकता है। सूचना दाता के रूप में ग्राम कोटवार, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता/सहायिका की सहभागिता सुनिश्चित की गई है। परिवार के सदस्य स्वयं भी ग्राम पंचायत में सूचना देकर पंजीयन करा सकते है। मृत्यु पंजीयन हेतु मृतक की समग्र आई डी, आधार कार्ड, वोटर आई डी दस्तावेज के रूप में प्रस्तुत करना अनिवार्य है। इसी प्रकार विवाह पंजीयन के लिए वर-वधु की विवाह पत्रिका, आधार कार्ड, समग्र आई डी, जन्म प्रमाणीकरण हेतु अंक सूची एवं दो-दो पासपोर्ट साईज की फोटो प्रस्तुत करना होगा। नागरिकों से अपील की जाती है कि आप निर्धारित समय सीमा में पंजीयन करावें।

उल्लेखनीय है कि आर्थिक एवं सांख्यिकी संचालनालय मध्यप्रदेश भोपाल से जारी परिपत्र के अनुक्रम में बालाघाट कलेक्टर मृणाल मीना के निर्देश पर जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक सराफ ने जिले की समस्त जनपद पंचायत की समस्त ग्राम पंचायतों में जन्म-मृत्यु पंजीयन एवं विवाह पंजीयन की अनिवार्यता संबंधी प्रचार-प्रसार के निर्र्देश दिये है। जिसके तारतम्य में वारासिवनी जनपद पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी दीक्षा जैन ने सभी पंचायतों के सरपंच सचिवों को ग्राम पंचायतों में डौंडी पिटवाकर दीवार लेखन, स्लोगन के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक करने के निर्देश दिए है।

## शासकीय महाविद्यालय ने एक माह तक चलाया कॉलेज चलो अभियान



हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

शासकीय शंकर साव पटेल महाविद्यालय वारासिवनी द्वारा कॉलेज चलो अभियान के प्रथम चरण का प्रभावी संचालन 05 दिसम्बर 2025 से 05 जनवरी 2026 तक किया गया। यह अभियान महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ0 एस0 एस0 गेड़ाम के मार्गदर्शन एवं नोडल अधिकारी प्रो0 हेमंत कुमार गनवीर के संयोजन से संचालित किया गया।

इस अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय के क्षेत्रान्तर्गत आने वाले शासकीय एवं अशासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों से संपर्क कर कॉलेज चलो अभियान के उद्देश्य एवं महत्व पर विस्तार से जानकारी दी गई। इस अभियान के अतर्गत विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को महाविद्यालय में ऑनलाईन प्रवेश प्रक्रिया, महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रम, राज्य एवं केन्द्र द्वारा संचालित विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं, राष्ट्रीय शिक्षा नीति के नवीन प्रावधानों से अवगत कराया गया। महाविद्यालय में उपलब्ध अन्य गतिविधियों जैसे राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, एन0सी0सी, ग्रंथालय, कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के माध्यम से कॅरियर विकल्प एवं उच्च शिक्षा में रोजगार की संभावनाओं पर विस्तार से जानकारी दी गई।

इस अभियान में महाविद्यालय के सभी शैक्षणिक स्टॉफ डॉ0 त्रिरत्नेष गजभिये, प्रो0 नरेन्द्र कुमार डोंगरे, प्रो0 कृष्णा पराते, प्रो0 मोहनीश इड़पाचे, डॉ0 अनिरूद्ध सिंह काकोडिय़ा, प्रो0 दोमदत्त सिंह, विजय दांदरे, डॉ0 सजाद मीर, प्रो0 विनोद सिंह, प्रो0 सरिता नागवंशी, प्रो0 सविता सेनवार, श्रीमती नंदिनी टेम्भरे, पराग पालेवार, श्रीमती शिल्पा वासनिक एवं सभी शैक्षणिक स्टॉफ का सक्रिय योगदान रहा।

## पाले से फसलों की सुरक्षा करने किसानों को सलाह

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

जिले में लगातार बढ़ती ठंड और गिरते तापमान को देखते हुये किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग ने एडवाइजरी जारी कर किसानों को पाले से फसलों की सुरक्षा के उपाय सुझाये हैं। किसानों को सलाह दी गई है कि जिस दिन आकाश पूरी तरह साफ हो, हवा में नमी की अधिकता हो तो ऐसी स्थिति में पाला का पूर्वानुमान लगाया जा सकता है।

उप संचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय ने बताया कि कड़ाके की सर्दी हो, सायंकाल के समय हवा में तापमान ज्यादा कम हो तब ऐसी स्थिति में हवा में विद्यमान नमी जल वाष्प संघनीकृत होकर ठोस अवस्था में (बर्फ) परिवर्तित हो जाती है। इसके साथ ही पौधों की पत्तियों में विद्यमान जल संघनित होकर बर्फ के कण के रूप में परिवर्तित हो जाता है। जिससे पत्तियों की कोशिका भित्ती क्षतिग्रस्त हो जाती है और पौधों की जीवन प्रक्रिया के साथ-साथ उत्पादन भी प्रभावित होता है। शीतलहर एवं पाले से सर्दी के मौसम में सभी फसलों को थोड़ा नुकसान होता है।

उप संचालक कृषि श्री मालवीय ने बताया कि किसान सावधानी अपना कर पाला से फसलों को बचा सकते हैं। उन्होंने पाला से फसलों को बचाने किसानों को खेत में धुआं करने, शाम के समय हल्की सिंचाई करने तथा रस्सी का इस्तेमाल करने की सलाह दी है।

पाले की संभावना पर रात में खेत में 6-8 जगह पर धुआं करना चाहिये। यह धुआं खेत में पड़े घास-फूस अथवा पत्तिया जलाकर भी किया जा सकता है। यह प्रयोग इस प्रकार किया जाना चाहिये कि धुआं सारे खेत में छा जाए तथा खेत के आसपास का तापमान 5 डिग्री सेल्सियस तक आ जाए। इस प्रकार धुआं करने से फसल का पाले से बचाव किया जा सकता है।

पाले की संभावना होने पर खेत की हल्की सिंचाई कर देना चाहिये। इससे मिट्टी का तापमान बढ़ जाता है तथा नुकसान की मात्रा कम हो जाती है। सिंचाई बहुत ज्यादा नहीं करनी चाहिये तथा इतनी ही करनी चाहिये जिससे खेत गीला हो जाए।

रस्सी का उपयोग भी पाले से काफी सुरक्षा प्रदान करता है। इसके लिये दो व्यक्ति सुबह-सुबह (जितनी जल्दी हो सके) एक लंबी रस्सी को उसके दोनों सिरों से पकड़ कर खेत के एक कोने से लेकर दूसरे कोने तक फसल को हिलाते चलना है। इससे फसल पर रात का जमा पानी गिर जाता है तथा फसल की पाले से सुरक्षा हो जाती है।

उप संचालक कृषि ने बताया कि कृषि वैज्ञानिकों ने रसायनों का उपयोग करके भी पाले को नियंत्रित करने के संबंधी प्रयोग किये हैं। उन्होंने बताया कि घुलनशील सल्फर 0.3 से 0.5 प्रतिशत का घोल बनाकर या घुलनशील सल्फर 0.3 से 0.5 प्रतिशत के साथ बोरान 0.1 प्रतिशत का घोल का छिड़काव कर पाले से फसल की सुरक्षा करने की सलाह दी है। उप संचालक कृषि ने बताया कि गंधक के एक लीटर तेजाब को एक हजार लीटर पानी में मिलाकर छिड़कने से लगभग दो सप्ताह तक फसल पाले के प्रकोप से मुक्त रहती है। रसायनों विशेषतया गंधक के तेजाब का उपयोग अत्यंत सावधानीपूर्वक तथा कृषि विशेषज्ञ के मार्गदर्शन में ही किया जाना चाहिये।

### 01 लाख 02 हजार 931 किसानों से 1232.30 करोड़ रुपए की खरीदी गई धान

## समर्थन मूल्य पर 52 लाख 01 हजार 793 क्विंटल धान की हुई खरीदी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



किसानों को उनकी उपज का वाजिब दाम दिलाने के लिए प्रदेश शासन की उपार्जन नीति के अनुरूप खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में बालाघाट जिले में समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी 01 दिसम्बर 2025 से की जा रही है, जो 20 जनवरी 2026 तक चलेगी। चालू सीजन में जिले में 07 जनवरी 2026 की शाम तक 01 लाख 02 हजार 931 किसानों से 1232 करोड़ 30 लाख 47 हजार 617 रुपए की 52 लाख 01 हजार 793 क्विंटल धान की समर्थन मूल्य पर खरीदी की जा चुकी है। किसानों से खरीदे गए धान का तेजी से उठाव कर गोदामों में पहुंचाया जा रहा है। अब तक 85 प्रतिशत से अधिक धान का परिवहन किया जा चुका है। किसानों को 744 करोड़ 52 लाख रुपए का भुगतान किया जा चुका है।

जिला खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी श्री आर के ठाकुर ने बताया कि जिले में 185 धान खरीदी केंद्रो पर पंजीकृत किसानों से धान की खरीदी की जा रही है। खरीदी केंद्रो पर किसानों से खरीदी गई धान का तेजी से उठाव कर परिवहन किया जा रहा है और गोदामों में पहुंचाया जा रहा है। अब तक 42 लाख 40 हजार क्विंटल धान का परिवहन कर गोदामों में पहुंचाया गया है, जो कि कुल खरीदी गई धान का 85 प्रतिशत है।

#### किसानो के खाते में पहुंची 744 करोड़ 52 लाख रुपए की राशि

अब तक किसानों को भुगतान के लिए 855 करोड़ रुपए के ईपीओ जारी किये जा चुके है और इसमें से 744 करोड़ 52 लाख रुपए की राशि किसानों के खाते में पहुंच गई हैं। उल्लेखनीय है कि खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में जिले में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के लिए 01 लाख 30 हजार 37 किसानों द्वारा अपना पंजीयन किया गया है। इसमें से 01 लाख 19 हजार 725 किसानों द्वारा स्लॉट बुकिंग की जा चुकी है। जिले के जिन खरीदी केंद्रो पर अधिक मात्रा में धान की खरीदी हो रही है, उन पर कड़ी निगरानी रखी जा रही हैं। खरीदी केंद्रो से धान का उठाव कर उसे शीघ्रता से गोदामों में पहुंचाने की व्यवस्था की गई है। किसानों से कहा गया है कि शासन की उपार्जन नीति के अनुसार एफएक्यू गुणवत्ता का धान ही समर्थन मूल्य पर खरीदा जाएगा। अतः वे अपनी धान को अच्छी तरह से साफ कर एवं सुखाकर ही विक्रय के लिए लाए। उल्लेखनीय है कि जिले में गत वर्ष 01 लाख 09 हजार 961 किसानों से 54 लाख 99 हजार 620 क्विंटल धान की समर्थन मूल्य पर खरीदी की गई थी।

## जीवन में शिक्षा बेहद महत्वपूर्ण- नेहा बाथरी न्यायाधीश



हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

तहसील विधिक सेवा समिति वारासिवनी के तत्वावधान में 06 जनवरी 2026 को न्यायाधीश सुश्री नेहा बाथरी द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड वारासिवनी की अध्यक्षता में 'नेशनल यूथ डे आर्गेनाईजेशन ऑफ अवरनेस एक्टीविटी अंडर द डॉन स्कीम फॉर द पीरियड 5-12 जनवरी 2026 के अवसर पर ''ग्रेसियस कॉलेज ऑफ नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल'' में साप्ताहिक जन-जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

जागरूकता शिविर में उपस्थित छात्र-छात्राओं को उन्होंने बताया कि हमारे जीवन में शिक्षा बहुत ही महत्वपूर्ण है। हम आजादी शिक्षा से ही प्राप्त कर सकते हैं। शिक्षा व अधिकार का महत्वपूर्ण संबंध है। जब हमें ज्ञान होगा, तब ही हम अपने अधिकारों के प्रति आवाज उठा सकते हैं और उसका लाभ प्राप्त कर सकते हैं। कहा कि शिविरों के माध्यम से युवाओं को कानून के प्रति साक्षर कर रहे हैं, जिससे कोई भी व्यक्ति अनभिज्ञता के कारण अपने अधिकारों से वंचित न हर जाए।

शिविरों के माध्यम से विधिक सेवा प्राधिकरण के उद्येश्यों की जानकारी उपलब्ध कराई गई। शिविर का प्रमुख उद्येश्य यही है कि कोई भी व्यक्ति जानाकरी के अभाव में अथवा अन्य किसी कारण से न्याय पाने से वंचित न रह जाए। प्राधिकरण का कार्य लोक अदालतों का आयोजन कराना एवं पात्र व्यक्तियों को विधिक सहायजा उपलब्ध कराना मुख्य कार्य है।

**खबर संक्षेप**

## सामूहिक सूर्य नमस्कार के आयोजन के संबंध में बैठक आज

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला शिक्षा अधिकारी सिवनी ने जानकारी देकर बताया कि 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद जन्मदिवस 'युवा दिवस' के अवसर पर जिले में सामूहिक सूर्य नमस्कार के आयोजन को लेकर आवश्यक बैठक आयोजित की जाएगी।

उन्होंने बताया कि शासन के निर्देशानुसार जिले की समस्त शासकीय एवं अशासकीय शिक्षण संस्थाओं में स्वेच्छा से सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया जाना है। उक्त आयोजन की तैयारी को लेकर कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में दिनांक 08 जनवरी 2026 को सायं 05:30 बजे से कलेक्टर सभा कक्ष में बैठक आयोजित की गई है। जिले के संबंधित अधिकारियों, संस्थाओं एवं विभागों से बैठक में उपस्थित होकर अपने सुझाव एवं सहयोग प्रदान करें।

## भूतपूर्व सैनिकों का मासिक सैनिक सम्मेलन आज

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सिवनी ने बताया कि जिले के समस्त भूतपूर्व सैनिकों, उनकी विधवाओं एवं आश्रितों का मासिक सैनिक सम्मेलन गुरुवार 08 जनवरी को प्रातः 11:30 बजे आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह सम्मेलन जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, इंद्रहंस नगर फेस–II, प्लॉट नं. 33, हाउस नं. 1297, ज्यारत नाका, अकबर वार्ड, सिवनी स्थित कार्यालय भवन परिसर में आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। जिले के सभी भूतपूर्व सैनिकों, उनकी विधवाओं एवं आश्रितों से अनुरोध है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं से जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल अमरेन्द्र कुमार दास से प्रत्यक्ष संवाद (चर्चा) करें, जिससे उनकी समस्याओं का समाधान एवं निराकरण किया जा सके।

# वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

## गणेश गंज के पास सड़क हादसा; सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस

**सिवनी जिले के लखनादौन थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत हो गई। गणेशगंज के समीप अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे चालक ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गनेशगंज ।

प्रत्यक्षदर्शियों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। जानकारी मिलते ही लखनादौन थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव का पंचनामा कर उसे पोस्टमॉर्टम के लिए शासकीय अस्पताल भेजा।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, मृतक बाइक से लखनादौन से छपारा की ओर जा रहा था। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक के पास से पहचान संबंधी कोई दस्तावेज नहीं मिला है। उसकी उम्र लगभग 30 से 35 वर्ष के बीच बताई जा रही है।

पुलिस मृतक की पहचान सुनिश्चित करने के लिए आसपास के थानों में गुमशुदगी की रिपोर्ट खंगाल रही है और स्थानीय लोगों से पूछताछ कर रही है। हादसे के कारणों और अज्ञात वाहन का पता लगाने के लिए पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की भी जांच कर रही है।

लखनादौन थाना प्रभारी कीरत प्रसाद धुर्वे ने बताया कि पुलिस को गणेशगंज के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि फिलहाल मर्ग कायम कर जांच जारी है। पुलिस अज्ञात वाहन चालक की तलाश कर रही है और दुर्घटना की परिस्थितियों का पता लगाया जा रहा है। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि यदि किसी को मृतक के संबंध में कोई जानकारी हो तो लखनादौन थाना पुलिस को सूचित करें।

# उत्कृष्ट कार्य के लिए जिले की दो बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति हुई सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



कलेक्टर एवं बैंक प्रशासक जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक सिवनी श्रीमति शीतला पटले के मार्गदर्शन तथा के. के. सोनी, महाप्रबंधक के निर्देशन में राज्य स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने के लिये जिले की दो बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों को एनसीडीसी राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम द्वारा दिनांक 06 जनवरी 2026 को भोपाल में पुरस्कृत किया गया है। अपैक्स बैंक भोपाल के समन्वय भवन में आयोजित मुख्य कार्यपालन अधिकारियों की बैठक दिनांक 06 जनवरी 2026 में राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम, सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार-क्षेत्रीय निदेशालय, भोपाल द्वारा सर्वश्रेष्ठ प्राथमिक सहकारी संस्था (सहकारिता मंत्रालय की पहल) श्रेणी का उत्कृष्टता पुरस्कार 2025 संतकुमार राजपूत, प्रबंधक बीपेक्स बांकी तथा सर्वश्रेष्ठ प्राथमिक सहकारी संस्था श्रेणी का योग्यता पुरस्कार 2025 गणेश सिंगौर, प्रबंधक बीपेक्स खैरापलारी को सहकारिता मंत्री श्री विश्वास सारंग द्वारा दिया गया। उपरोक्त कार्यक्रम में प्रमुख सचिव सहकारिता श्री डी.पी. आहूजा, आयुक्त सहकारिता मनोज पुष्प तथा प्रबंध संचालक मनोज कुमार गुप्ता अपेक्स बैंक भोपाल की गरिमामय उपस्थिति रही तथा बैंक के महाप्रबंधक के. के. सोनी भी उक्त कार्यक्रम में उपस्थित रहें। साथ ही उक्त दोनों समितियों को शील्ड, प्रमाण पत्र भी प्रदान किये गये।

## बबरिया तालाब से मोटर लगा कर पानी लेने पर प्रतिबंध

**सिवनी। नगरपालिका परिषद सिवनी द्वारा सर्वसाधारण एवं किसानों से अपील की गई है कि नगरपालिका स्वामित्व बबरिया तालाब में फसल सिंचाई हेतु मोटर लगाकर पानी न लिया जाए। बताया गया है कि तालाब से लगातार पानी निकाले जाने के कारण जल स्तर में कमी आ रही है, जिससे पूर्व वर्ष ग्रीष्म ऋतु में जल संकट की स्थिति निर्मित हुई थी।**

नगरपालिका द्वारा आगामी ग्रीष्म ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए बबरिया तालाब का पानी पेयजल उपयोग हेतु सुरक्षित रखा जाना आवश्यक है, ताकि नगरवासियों को गर्मी के मौसम में पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराया जा सके। इसी उद्देश्य से तालाब से सिंचाई के लिए पानी लेना पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है। नगरपालिका ने किसानों से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि यदि किसी भी किसान द्वारा बबरिया तालाब में अवैध रूप से मोटर लगाकर पानी लिया जाता है, तो संबंधित किसान की मोटर जब्त की जाएगी तथा नियमानुसार कानूनी कार्यवाही की जाएगी। उक्त कार्यवाही की संपूर्ण जिम्मेदारी संबंधित किसान की स्वयं की होगी। नगरपालिका परिषद ने सभी किसानों एवं नागरिकों से जनहित में सहयोग करने एवं जल संरक्षण में सहभागी बनने का अनुरोध किया है।

### आज डायरेक्ट टंकी से जुड़े क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति आंशिक रूप से की जाएगी

सिवनी, / मुख्य नगरपालिका अधिकारी सिवनी द्वारा जानकारी देकर बताया गया कि पुरानी नवीन जलावर्धन योजना अंतर्गत बबरिया प्लांट में सी.एल.एफ. की सफाई कार्य के चलते 8 जनवरी 2026 को सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक डायरेक्ट एवं टंकी जलापूर्ति प्रभावित रहेगी। इस दौरान नगर की पानी टंकियों में भराव कार्य बंद रहेगा। उन्होंने बताया कि इसी तरह 9 जनवरी को डायरेक्ट एवं टंकी से जुड़े क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति आंशिक रूप से की जाएगी। असुविधा से बचने के लिए कम से कम एक दिन का पानी संग्रहित रखने की अपील शहर के नागरिकों से की गई है।

## आज संपन्न होंगे अधिवक्ता संघ लखनादौन के चुनाव

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** आज दिनांक 08/01/2026 को अधिवक्ता संघ लखनादौन के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अधि. हरीश कुमार जैन एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी अधि.सुनील यादव द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार लखनादौन अधिवक्ता संघ के चुनाव प्रातः 11 बजे से प्रारंभ होकर सायं 4 बजे तक संपन्न होगें जिसमें अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, एवं पुस्तकालय प्रभारी के चुनाव संपन्न होने के पश्चात इसी दिन मतगणना प्रारंभ कि जाकर विजयी प्रत्याशीयों की घोषणा की जावेगी । ज्ञातव्य है कि पूर्व में निर्विरोध कोषाध्यक्ष पद में श्रीमति प्रीति गोल्हानी एवं सहसचिव पद में श्रीमति सरिता रजक एवं कार्यकारिणी में अंबिका पटेल, शिवकुमार चंद्रवंशी, प्रहलाद झारिया, संदीप चौकसे, उदयप्रताप यादव एवं महिला में श्रीमति सविता सिंह ठाकुर घोषित किए जा चुके है । आज संपन्न होने वाले चुनाव में नवीन अधिवक्ताओं को मतदान हेतु अपना परिचय पत्र साथ में लाना आवश्यक है ।

# गुमतरा कोर वन परिक्षेत्र में मिला कमल उइके का क्षत विक्षत अवस्था में शव

**दिनांक 5 जनवरी 2026 को सिवनी जिले के टिकारी ग्राम के निवासी कमल उईके के परिजनों द्वारा शाम लगभग 6.30 बजे जमतरा पहुंचकर उनके द्वारा टाईगर रिजर्व के स्टाफ को सूचना दी गई कि कमल दिनांक 4 तारीख की शाम से लापता है। एवं परिजनों ने आशंका व्यक्त की कि वह उनके ग्राम से होकर बहने वाली पेंच नदी के किनारे कोर एरिया के भीतर चले गए होंगे और संभवतः वहीं किसी दुर्घटना का शिकार होने के कारण घर नहीं लौटे हैं।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।





परिजनों ने यह भी बताया कि वह यदा-कदा खाने पीने के उद्देश्य से मछली मारने तिकाड़ी घाट और महादेव घाट के तरफ जाते थे।

दिनांक 6 जनवरी को प्रातः चांद थाने के पुलिसकर्मियों एवं पेचं टाइगर रिजर्व के वनकर्मियों द्वारा पेंच नदी के किनारे कमल की खोज की गई तो उनके मृत शरीर के अवयव क्षत विक्षत अवस्था में मिले। मौके पर मिले साक्ष्य से अनुमान लग रहा था कि उनके शव को किसी वन्य प्राणी, संभवत बाघ के द्वारा खाया गया है। स्व. कमल उइके पिता रावजी उइके उम्र 43 वर्ष, निवासी टिकाड़ी माल, थाना कुरई जिला सिवनी 4 जनवरी की शाम को घर से निकले थे। जबकि यह घटना पेंच टाइगर रिजर्व के छिंदवाड़ा क्षेत्र अंतर्गत गुमतरा कोर वन परिक्षेत्र में बीट छेड़िया अंतर्गत महादेव घाट नामक स्थान के पास घटित हुई। ज्ञात हो की वन परिक्षेत्र गुमतरा कोर क्षेत्र अर्थात क्रिटिकल टाइगर हैबिटेट अंतर्गत आता है, जहां आम व्यक्तियों का प्रवेश करना पूर्णतः प्रतिबंधित है। तब प्रातः लगभग 9.30 बजे प्रतिबंधित कोर क्षेत्र में चांद थाना के पुलिसकर्मी स्टाफ की उपस्थिति में मृतक का शव बरामद किया गया। मौके की कार्यवाही पूर्ण करने के उपरांत शव को पोस्टमार्टम हेतु सिविल अस्पताल चौरई भेजा गया। टाइगर रिजर्व प्रबंधन द्वारा शासन के नियम अनुसार मृतक के परिवार को सहायता राशि दी जा रही है।

# उदय महिला मंडल द्वारा 11 जनवरी को होगा हैप्पी स्ट्रीट-का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



जिले की सक्रिय एवं समाजसेवी संस्था उदय महिला मंडल द्वारा नागरिकों को स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से 11 जनवरी 2026, रविवार को प्रातः सुबह 7 बजे से हैप्पी स्ट्रीट-2026 का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम दलसागर चौपाटी रोड, सिवनी में आयोजित होगा।

उल्लेखनीय है कि उदय महिला मंडल निरंतर समाजहित में विविध गतिविधियाँ संचालित करता आ रहा है। संस्था द्वारा विद्यालयों में गरम वस्त्र वितरण, डेस्क-बेंच उपलब्ध कराना, समय-समय पर स्वास्थ्य जांच शिविरों का आयोजन, खिलाडियों को प्रोत्साहन सहित अनेक सामाजिक कार्य किए जाते रहे हैं। इसी क्रम में हैप्पी स्ट्रीट-2026 के माध्यम से सभी आयु वर्ग के नागरिकों को स्वास्थ्य, फिटनेस एवं सकारात्मक जीवनशैली से जोडने की पहल की जा रही है।

कार्यक्रम में रोचक खेल, जुंबा एवं डांस, योग, सिंगिंग सहित अनेक मनोरंजक एवं प्रेरणादायी गतिविधियाँ रखी गई हैं, ताकि लोग स्वस्थ रहने के साथ-साथ आनंदपूर्ण वातावरण का भी अनुभव कर सकें। उदय महिला मंडल के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने जिलेवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

# कलश यात्रा के साथ हुआ शिवपुराण कथा शुभारंभ

**7 जनवरी से 15 जनवरी तक बैनगंगा नदी तट पर किया जा रहा आयोजन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छपारा।

बैनगंगा नदी तट के लक्ष्मीनारायण मंदिर गोल्डन टेंपल मैदान पर 7 से 15 जनवरी तक सार्वजनिक संगीतमय शिवपुराण कथा ज्ञान यज्ञ की शुरुआत बुधवार को कलश यात्रा के साथ की गई। ज्ञात हो कि कथा वाचक कन्हैया महाराज के सानिध्य में उक्त कलश यात्रा निकाली गई, जो नगर के बैनगंगा नदी तट के प्राचीन शिव मंदिर सिद्ध बाबा घाट से शाम लगभग 4 बजे पावन नदी की विधिवत पूजा अर्चना कर कलशों में जल भरकर नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए उक्त शब्द शोभा यात्रा बस स्टैंड होते हुए कार्यक्रम स्थल पहुंची जहां शाम 6 बजे कथा वाचक कन्हैया महाराज द्वारा पुजा पाठ कर प्रथम दिवस का कार्यक्रम संपन्न कराया गया, वहीं 8 जनवरी से प्रतिदिन महाराज श्री के मुखारविंद से दोपहर 1 बजे से शाम 6 बजे तक शिवपुराण कथा का वाचन किया जाएगा साथ ही अंतिम दिन 15 जनवरी को विशाल भंडारा महाप्रसाद का आयोजन किया जाएगा।आयोजन समिति छपारा नगर वंशकार समाज एवं नगरवासियों ने सभी श्रद्धालुओं से आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होने कि अपील की है।

# नेवालाल उइके ने आर्थिक सहायता राशि दिलाये जाने कलेक्टर से लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

प्रत्येक मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित होने वाली जिलास्तरीय जनसुनवाई कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जनसुनवाई में कुल 182 आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सी.एल. चनाप, अपर कलेक्टर सुश्री सुनीता खंडारयत सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। वहीं सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं विकासखंड स्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जनसुनवाई से जुड़े।

जिलास्तरीय जनसुनवाई में तहसील बरघाट अंतर्गत ग्राम खुर्सीपारकला निवासी प्रतीमा कोरेमारे द्वारा कल्याणी विवाह सहायता योजना का लाभ दिलाये जाने विषयक, तहसील सिवनी अंतर्गत ग्राम मुण्डरई निवासी लक्ष्मण भजेकर द्वारा मकान एवं खेत का सीमांकन कराये जाने विषयक, ग्राम भोंगाखेडा थाना बंडोल निवासी गोबंदी गिरी द्वारा समग्र आईडी में नाम दर्ज कराये जाने विषयक,तहसील लखनादौन अंतर्गत ग्राम भजिया निवासी कोमलचंद गोल्हानी द्वारा शासकीय भूमि पर हुए अतिक्रमण को हटाये जाने विषयक, ग्राम बांद्रा थाना बंडोल निवासी सुरेंद्र भलावी द्वारा माचागोरा बांध में अधिग्रहित कर नहर खोदे जाने पर मुआवजा राशि दिलाये जाने विषयक, ग्राम बांकी थाना बंडोल निवासी नारायण द्वारा नक्शा सुधार किये जाने विषयक, जनतानगर सिवनी निवासी सहजाद खान द्वारा जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने विषयक, कबीर वार्ड डूंडासिवनी निवासी कमल सिंह धुर्वे द्वारा आबादी भूमि में बने मकान का पट्टा दिलाये जाने विषयक, तहसील धनौरा अंतर्गत ग्राम सुनवारा निवासी रेवाराम प्रजापति द्वारा आवास योजना की राशि दिलाये जाने विषयक, तहसील छपारा निवासी शंकर लाल डहेरिया द्वारा खेत में आने जाने के लिए रास्ता दिलाये जाने विषयक, तहसील छपारा अंतर्गत ग्राम बिजना निवासी नेवालाल उइके द्वारा आर्थिक सहायता राशि दिलाये जाने विषयक, तहसील बरघाट अंतर्गत ग्राम पिपरिया थाना अरी निवासी इमनबाई पटले द्वारा वृद्धापेंशन योजना का लाभ दिलाये जाने विषयक, रानी दुर्गावती वार्ड सिवनी निवासी राजकुमार सनोडिया द्वारा नाली की सफाई कराये जाने विषयक, तहसील धनौरा अंतर्गत ग्राम नाई पिपरिया निवासी सोनल नामदेव द्वारा बाल आशिर्वाद योजाना का लाभ दिलाये जाने विषयक, तहसील केवलारी अंतर्गत ग्राम बगलई निवासी ज्योति साहू द्वारा धारणाधिकार अंतर्गत पट्टा दिलाये जाने विषयक, तहसील धनौरा अंतर्गत समस्त ग्राम बरबसपुर निवासी द्वारा ग्राम में स्थित सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाये जाने विषयक, सहित कुल 182 आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों पर नियमानुसार कार्यवाही कर शीघ्र निराकरण किये जाने के निर्देश कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले द्वारा संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिये गये।

## विशेष डीएलसीसी बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विशेष जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में अपर कलेक्टर सी.एल. चनाप एवं सुश्री सुनीता खंडायत, लीड बैंक अधिकारी प्रवीण कुमार दिसोरिया, जिला समन्वयक, समस्त बैंकों के प्रतिनिधि तथा संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में विभिन्न शासकीय योजनाओं के लक्ष्य एवं प्रगति की समीक्षा की गई। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने बताया कि उद्यानिकी विभाग की पीएमएफएमई योजना, अनुसूचित जनजाति विभाग की टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना, अंत्योदय/अंतव्यासाई विभाग की डॉ. भीमराव अंबेडकर आर्थिक कल्याण योजना, पशुपालन विभाग की डेयरी केसीसी एवं डॉ. भीमराव कामधेनु योजना, तथा मत्स्य विभाग की केसीसी योजना की प्रगति अपेक्षानुसार संतोषजनक नहीं पाई गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जनवरी माह तक समस्त बैंकों द्वारा निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित की जाए। इसके लिए बैंकों एवं संबंधित विभागों को आपसी समन्वय स्थापित कर इस माह के अंत तक प्रकरणों का निराकरण एवं लक्ष्य पूर्ति करने के निर्देश दिए

## कृषि विज्ञान के क्षेत्र में करियर की असीम संभावनाएं - डॉ शेखर सिंह बघेल

# पीजी कॉलेज के छात्र-छात्राओं को कृषि वैज्ञानिकों ने दिया मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



कृषि विज्ञान के सिवनी के दर्पण सभागार में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी से लगभग 50 से अधिक छात्र-छात्राओं के दल को कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ शेखर सिंह बघेल ने जानकारी देते हुए बताया कि कृषि के क्षेत्र में करियर एवं भविष्य के निर्माण हेतु असीम संभावनाएं हैं, उन्होंने कहा कि नवीनतम तकनीकी का बेहतर उपयोग कर अधिक उत्पादन कर सकते हैं, सोलर प्रपंज, मृदा का प्रबंध, नवीन कृषि यंत्रों का उपयोग, क्राफ्ट कैफेटेरिया, कौशल उन्नयन, से संबंधित विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण जैसे मशरूम उत्पादन, केंचुआ खाद उत्पादन, प्राकृतिक खेती, जैविक खेती, खादय प्रसंस्करण एवं स्टूडेंट्स के भविष्य निर्माण हेतु उपयोगी कृषि विज्ञान से संबंधित बातों का विस्तार से जानकारी प्रदान की।

इस दौरान डॉ के के देशमुख मृदा वैज्ञानिक द्वारा कृषि विज्ञान केंद्र संचालित केंचुआ खाद उत्पादन इकाई, अजोला उत्पादन इकाई एवं पशुपालन उत्पादन इकाई की भ्रमण कराया गया एवं केंचुआ खाद उत्पादन तकनीक के विषय में विस्तार से जानकारी प्रदान की, डॉ.निखिल सिंह वैज्ञानिक द्वारा गेहूं की नवीनतम किस्म एवं खेती में हो रहे नवाचार फसल विविधिकरण आदि विषय पर जानकारी प्रदान की गई, साथ ही डॉ राजेंद्र सिंह ठाकुर वैज्ञानिक, डॉ जी के राणा, इंजी कुमार सोनी द्वारा क्राप कैफेटेरिया का भ्रमण कराया गया एवं फसल संग्रहालय में विभिन्न फसलों के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई इस दौरान प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस सिवनी के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ टी पी सागर, डॉ संदीप शुक्ला, डॉ वर्षा जैन, डॉ मनीषा सोनेकर, डॉ धनेंद्र गुरडेकर की उपस्थित रही।

**विशाल हिंदू सम्मेलन की तैयारियों का शुभारंभ**

# हवन-पूजन के साथ 99 मंडलों व 16 बस्तियों के लिए अक्षत कलश वितरण संपन्न

**सिवनी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर देशभर में आयोजित किए जा रहे हिंदू सम्मेलनों की श्रृंखला के अंतर्गत सिवनी जिले में भी भव्य स्तर पर सम्मेलनों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जिले में प्रस्तावित विशाल हिंदू सम्मेलन की तैयारियों का शुभारंभ हवन-पूजन एवं अक्षत कलश वितरण के साथ विधिवत रूप से संपन्न हुआ। यह पावन कार्य वृंदावन से पधारे संत कथावाचक श्री कन्हैया जी महाराज के कर-कमलों द्वारा संपन्न कराया गया। इस अवसर पर सिवनी जिले के 99 मंडलों एवं 16 बस्तियों के लिए पवित्र अक्षत कलशों का वितरण किया गया।

कार्यक्रम में जिले के विभिन्न नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु, कार्यकर्ता एवं सामाजिक कार्यकर्ता गाजे-बाजे के साथ उपस्थित हुए और श्रद्धा भाव से अक्षत कलश प्राप्त किए।

जानकारी देते हुए आयोजकों ने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में सिवनी जिले में 15 जनवरी से 30 जनवरी तक हिंदू सम्मेलनों का आयोजन किया जाएगा।

**इन सम्मेलनों का आयोजन**

नगरीय क्षेत्रों में बस्ती स्तर पर ग्रामीण क्षेत्रों में मंडल स्तर पर किया जाएगा। इन आयोजनों में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत सज्जन शक्तियां आगे आकर सक्रिय भूमिका निभा रही हैं।

## बैनगंगा नदी प्रदूषण मामले में जांच समिति गठित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

जनआकांक्षा पोर्टल, समाचार पत्रों एवं जिले के जनप्रतिनिधियों के माध्यम से ग्राम पंचायत गोपालगंज में स्थित एमपीएस चाइस मिल फैक्ट्री के उष्णा प्लांट से निकलने वाले अपशिष्ट युक्त गंदे पानी से बैनगंगा नदी के प्रदूषित होने की शिकायत को संज्ञान लेते हुए कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने मामले की जांच के लिए 04 सदस्यीय समिति गठित की है। गठित जांच समिति में क्षेत्रीय अधिकारी, म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड जबलपुर मो. 9425135095, कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खण्ड सिवनी मो. 9993899935, जनरल मैनेजर जिला उद्योग केंद्र सिवनी मो. 9713756767 तथा तहसीलदार तहसील सिवनी (मो. 9695112025) शामिल हैं।

जारी आदेशानुसार उक्त जांच समिति को एम के पी एस फैक्ट्री के उष्णा प्लांट, गोपालगंज में स्थल निरीक्षण कर वास्तविक स्थिति का आकलन करने, फैक्ट्री के अपशिष्ट जल एवं बैनगंगा नदी के पानी के सैंपल एकत्रित कर जांच रिपोर्ट सहित प्रतिवेदन 5 दिवस के भीतर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

# जिम्मेदारों की धनलिप्सा से जिले का हो रहा जंगली विस्तार : रघुवीर अहरवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

**बेरोजगारी से त्रस्त और विकास को तरस रहे सिवनी जिले के सभी नगर और कस्बों का जंगली विस्तार जिम्मेदारों की धनलिप्सा का जीता जागता प्रमाण है। कोई भी प्रभावशाली व्यक्ति कहीं भी कॉलोनी और भूखंड काट कर बेहिसाब अवैध कमाई कर रहे हैं।**


समाजसेवी रघुवीर अहरवाल ने बताया कि लगभग सभी अवैध कालोनियों और नई बसावट में 15 से 20 फीट चौड़ी कच्ची सड़कें और बहुत सकरी नालियां बनाई जा रही हैं। इनमें पेयजल और बिजली कनेक्शन का उचित इंतजाम नहीं है। इनमें से कुछ तो बिजली की हाई टेंशन लाइनों के नीचे हैं। कुछ नदी नालों के किनारे हैं। इन प्लाटों का डायवर्सन भी नहीं हुआ है, कुछ दबंगों ने सरकारी जमीन पर भी प्लाट काटकर बेंच दिया है। इसकी जानकारी जिले के जनप्रतिनिधियों और संबंधित अधिकारियों को समय पर मिल जाती है, लेकिन वो कोई कार्यवाही नहीं करते हैं। जन चर्चा है कि इनको हिस्सा मिल जाता है। समाजसेवी रघुवीर अहरवाल ने आगे बताया कि जिन लोगों ने अपना घर किसी तरह बना लिया है उनकी जिंदगी नरक हो गई है। अनेक लोग पानी, सड़क, नाली, बिजली और बच्चों के स्कूल के लिए परेशान हैं। कुछ लोग ऐसे भी हैं जो दो जून की रोटी के जुगाड़ में दिन भर भटकते रहते हैं। इन लोगों को बिजली, पानी, सड़क एवं नाली की सुविधा दिलाने के नाम पर कुछ छुटभैया नेता और दलाल अच्छी वसूली कर रहे हैं। यहां के अनेक लोग नेताओं और अधिकारियों के चक्कर लगाते देखे जा सकते हैं।

### एथेनॉल प्लांट के नाम पर शासकीय चावल महाराष्ट्र भेजे जा रहे थे

# सरकारी चावल से लदा तीन ट्रक पकड़ाए!

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।





बालाघाट जिले में शासकीय चावल की गड़बड़ी का मामला सामने आया है। एथेनॉल प्लांट के नाम पर शासकीय चावल महाराष्ट्र भेजे जा रहे थे। सूचना मिलने पर प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए महाराष्ट्र की ओर जा रहे तीन ट्रकों को खैरलांजी क्षेत्र में जब्त कर लिया। यह कार्रवाई एसडीएम के निर्देश पर की गई।

जानकारी के अनुसार, लालबर्रा स्थित वेयरहाउस से छिंदवाड़ा जिले के बोरगांव में बने एथेनॉल प्लांट के लिए चार ट्रक शासकीय चावल लेकर रवाना हुए थे। इनमें से तीन ट्रकों को रास्ते में जब्त कर लिया गया, जबकि एक ट्रक प्रशासन की निगरानी से बाहर निकल गया।

जांच में सामने आया है कि जब्त किए गए तीनों ट्रक गोंदिया (महाराष्ट्र) की ओर जा रहे थे, जबकि एक ट्रक ही बोरगांव की दिशा में गया। प्रत्येक ट्रक में करीब 24 टन शासकीय चावल भरा हुआ था।

वहीं पूछताछ में गोंदिया निवासी ट्रक चालक रोशन पंद्रे ने बताया कि उसे ट्रक खैरी के अर्जुनी तक ले जाना था, जहां से कोई दूसरा चालक ट्रक को आगे ले जाता। इस बात को लेकर सवाल उठ रहे हैं कि जब चावल बोरगांव एथेनॉल प्लांट के लिए था, तो ट्रकों को महाराष्ट्र के रास्ते पर क्यों भेजा गया। अगर चालक को सही रास्ता नहीं पता था, तो जानकार चालक को साथ क्यों नहीं भेजा गया।

चालकों ने बताया कि ट्रक गोंदिया निवासी बंटी भाई के हैं। इस पूरे मामले में चावल का परिवहन करने वाली एजेंसी और एफसीआई से जुड़े अधिकारियों की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं।

मामले को लेकर जब एसडीएम कार्तिकेय जायसवाल से संपर्क करने की कोशिश की गई, तो उन्होंने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी।

### कलेक्टर ने प्रधानपाठक को सस्पेंड किया

# बच्चों को केले के पत्ते पर परोसा मिड डे मील




**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** बालाघाट में बच्चों को पत्ते में भोजन खिलाने का मामला जमकर सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। इसके बाद जिले के किरनापुर विकासखंड स्थित शासकीय प्राथमिक शाला मेंढरा में मध्यान्ह भोजन परोसे जाने के मामले में प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई की है। कलेक्टर मृणाल मीणा ने प्रभारी प्रधानपाठक सूर्यकांत कालबेले को शासकीय कर्तव्यों में लापरवाही और अनुशासनहीनता का दोषी मानते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

यह मामला उस समय सामने आया जब स्कूलमें बच्चों को केले के पत्तों में भोजन परोसे जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। शुरुआत में प्रशासन ने इस खबर को भ्रामक बताया था, लेकिन वीडियो सामने आने के बाद मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच के आदेश दिए गए। वहीं जब इस मामले की जांच की गई है, जिसे विकासखंड स्त्रोत समन्वयक और विकासखंड शिक्षा अधिकारी किरनापुर द्वारा की गई। जांच के दौरान प्रभारी प्रधानपाठक सूर्यकांत कालबेले ने स्वीकार किया कि बच्चों को पत्तों में ही मध्यान्ह भोजन परोसा गया था। इसके बाद उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया, लेकिन उनका जवाब संतोषजनक नहीं पाया गया।

जांच में यह भी सामने आया कि विद्यालय में थाली और अन्य बर्तन खरीदने के लिए लगभग 3 हजार रुपये की राशि उपलब्ध थी। इसके बावजूद न तो बर्तन खरीदे गए और न ही इस संबंध में किसी वरिष्ठ अधिकारी को जानकारी दी गई। अधिकारियों ने इसे सीधी लापरवाही और शासकीय दायित्वों से मुंह मोड़ने जैसा माना है। साथ ही बीआरसी और बीईओ की रिपोर्ट में यह तथ्य भी सामने आया कि विद्यालय में पहले से भोजन परोसने के लिए थालियां मौजूद थीं। इसके बावजूद जानबूझकर बच्चों को केले के पत्तों में भोजन परोसा गया, जो मध्यान्ह भोजन योजना के नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है।

जांच रिपोर्ट के आधार पर कलेक्टर मृणाल मीणा ने प्रभारी प्रधानपाठक के कृत्य को घोर अनुशासनहीनता, उदासीनता और छात्र कल्याणकारी योजना के विरुद्ध मानते हुए निलंबन का आदेश जारी किया। निलंबन अवधि के दौरान उनका मुख्यालय शासकीय प्राथमिक शाला छतरपुर, विकासखंड बैहर निर्धारित किया गया है। कलेक्टर की इस कार्रवाई के बाद शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया है। प्रशासन ने संकेत दिए हैं कि जिले के अन्य शासकीय स्कूलों में भी मध्यान्ह भोजन व्यवस्था की समीक्षा की जाएगी, ताकि भविष्य में इस तरह की लापरवाही दोहराई न जाए।

### 13 जनवरी तक स्लॉट बुक करा सकेंगे किसान



**बालाघाट।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी 20 जनवरी 2026 तक की जाएगी। किसानों को 13 जनवरी 2026 तक स्लॉट बुकिंग की सुविधा पोर्टल पर उपलब्ध करायी गई है। जिला आपूर्ति अधिकारी श्री आरके ठाकुर ने बताया कि जिन किसानों का धान विक्रय के लिए शेष है वे 13 जनवरी तक स्लॉट बुक कर सकते है।

# जरूरतमंदों को किए गए कंबल वितरण

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट-पेट की भूख मिटाने के लिए छोटे छोटे बच्चों को लेकर कड़कती ठंड में बैठकर जीवन निर्वहन करने वाली महिलाओं को देख किसी भी मानवीय संवेदन शील व्यक्ति का दिल दहलना स्वाभाविक है इस स्थिति को देख इंजी.वैभव भलाधरे एवं उनकी जीवन संगिनी रंजना भालाधरे जी का मन द्रवित हुआ,दिनांक 4 जनवरी को स्थानीय बूढ़ी रेलवे क्रासिंग के आगे भालाधरे दंपति के सौजन से तथा भारत विकलांग स्कूल के संचालक भारत मेश्राम जी के प्रयास से दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया के प्रदेश अध्यक्ष डॉ.चरनदास ढेंगरे जी,अशोक कुमार मेश्राम जी जिलाध्यक्ष,खुशियाल मेश्राम जी,आयुनी साधना ढेंगरे जी डिविजन ऑफिसर SSD एवं केंद्रीय केंद्रीय शिक्षिका दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया बालाघाट,समाज सेवी डॉ धर्मेंद्र रामटेके,एड.खगेंद्र चुरहे आदि के द्वारा एवं गणमान्य की उपस्थिति में कम्बल वितरण किए गए.इस अवसर पर चंद्रमणि रामटेके डॉ.आनंद खोबरागड़े माणिकलाल डोंगरे,डॉ.देवेंद्र मेश्राम आदि ने भी सहयोग किया,कम्बल पाकर सभी के चेहरे खिल उठे और उन्होंने दानदाताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए नव वर्ष की मंगलमय कामनाएं प्रेषित की।विदित होवे कि इंजी.वैभव एवं आयुनी.रंजना भालाधरे धम्म संस्था दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया जिला शाखा बालाघाट के जिला सचिव एवं पूर्व तहसील अध्यक्ष लांजी के आद.कृष्ण कुमार भलाधरे के जेष्ठ पुत्र एवं पुत्र वधु हैं।

# आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका के 119 रिक्त पदों हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

महिला एवं बाल विकास विभाग जिला बालाघाट अंतर्गत जिले के विभिन्न बाल विकास परियोजना कार्यालयों में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं आंगनवाड़ी सहायिका के रिक्त पदों की पूर्ति की जानी है। इसके अंतर्गत आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के कुल 36 पद एवं आंगनवाड़ी सहायिका के कुल 83 पद, इस प्रकार कुल 119 पूर्णतः अस्थायी, मानदेय आधारित एवं मानसेवी पद रिक्त हैं। रिक्त पदों की पूर्ति हेतु महिला एवं बाल विकास विभाग, मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा एम.पी. ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से तैयार चयन पोर्टल https://chayan.mponline.gov.in/ पर ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं।महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती दीपमाला मंगोदिया ने स्पष्ट किया गया है कि इन रिक्त पदों के लिए केवल ऑनलाइन भरे गए आवेदन पत्र ही स्वीकार किए जाएंगे, ऑफलाइन आवेदन किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किए जाएंगे। ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 10 जनवरी 2026 निर्धारित की गई है। वहीं, ऑनलाइन आवेदन में संशोधन अथवा त्रुटि सुधार की अंतिम तिथि 12 जनवरी 2026 रखी गई है। नियुक्ति से संबंधित नियम, निर्देश, शर्तें, आवेदन का प्रारूप, शैक्षणिक योग्यता, अन्य अर्हताएं एवं आंगनवाड़ी केंद्रवार रिक्त पदों की विस्तृत जानकारी चयन पोर्टल, विभागीय वेबसाइट, संबंधित बाल विकास परियोजना कार्यालय अथवा जिला कार्यालय महिला एवं बाल विकास विभाग, बालाघाट से प्राप्त की जा सकती है। विभाग ने पात्र एवं इच्छुक महिलाओं से निर्धारित तिथि के भीतर ऑनलाइन आवेदन करने की अपील की है।

### ग्राम पंचायत टेकाडी (ला.) मे मृतक परिवार के सदस्य को दी गईं अंत्येष्टि सहायता राशि



**लालबर्रा।**जनपद पंचायत लालबर्रा की ग्राम पंचायत टेकाड़ी में बुधवार को मृतक के परिवार को अंत्येष्टि सहायता राशि प्रदान की गई यह सहायता राशि ग्राम पंचायत सचिव भीमराव डोंगरे द्वारा नारायण पिता पाल सिंह जिनकी मृत्यु 12 8.2025 को हुई थी उनके पुत्र शेर सिंह टेकाम को रू5000 की अंत्येष्टि सहायता राशि रोजगार सहायक गाड़ेश्वर की मौजूदगी में प्रदान की गई बता दे कि उक्त सहायता राशि संबल योजना के अंतर्गत दी गई है।

# सावित्री बाई फुले की जयन्ती पर मूव्हमेंट 21 ने किया शिक्षकों को सम्मानित

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।




3 जनवरी को कमला नेहरू प्रांगण में शिक्षा की देवी सावित्री बाई फुले की जयंती को राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के रूप में मूव्हमेंट 21 बालाघाट टीम के द्वारा मनाया गया । कार्यक्रम में सर्वप्रथम मंच पर माता सावित्री बाई फुले के छायाचित्र पर टीम के सभी साथियों ने पुष्प अर्पित कर सावित्री बाई के जीवन पर सफरनामा नाटक की प्रस्तुति मूव्हमेंट 21 के कलाकारों द्वारा दी गई । मूव्हमेंट 21 के छोटे-छोटे बच्चों के द्वारा ''आओ रे शिक्षा लेने आओ रे'', ''है हक हमारा हक'', ''सुनो दीदी'', ''मैं पैदा हुई हूँ माँ'' जैसे मूव्हमेंट 21 के प्रेरणास्त्रोत गीतों पर मंच पर सामूहिक नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी गई । प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी मूव्हमेंट 21 के ''राष्ट्रीय शिक्षक दिवस' ' कार्यक्रम में प्राथमिक शाला ग्राम छपला (मण्डई) में पदस्थ शिक्षक अक्कलसिंह धुर्वे, शासकीय महाविद्यालय लांजी में पदस्थ प्रोफेसर डॉ. कान्ता वर्मा, पॉली एकेडमी लांजी की डायरेक्टर एवं शिक्षिका वंदना वैद्य, का मूव्हमेंट 21 के साथी सुश्री रमा टेकाम, मीनू चैहान, राजेश बाकलवार, जीतलाल बहेटवार, आमोद बोरकर के द्वारा मोमेन्टो और प्रशस्ति पत्र से शिक्षकों को सम्मानित किया गया । इसी क्रम में निरन्तर विगत पाँच वर्षों से मूव्हमेंट 21 बालाघाट के द्वारा सावित्री बाई फुले की जयन्ती को राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के रूप में मनाता आ रहा है । कार्यक्रम में सम्मानित शिक्षकों के द्वारा कार्यक्रम की खूब प्रशंसा की गई । मंच का संचालन राखी सैय्याम, प्रकृति डोंगरे, धनेन्द्र ने सफलतापूर्वक किया । कार्यक्रम में मूव्हमेंट के सदस्य सोनम बहेटवार, शांतिलाल दशहरे, निधि टेकाम, मनोज मरकाम, सुरेश जी, योगेश भारद्वाज, उज्जवल बागड़े, विद्या मरकाम, सुनील चेतन और मूव्हमेंट 21 टीम के सभी सदस्य उपस्थित रहे । कार्यक्रम में पधारे अतिथियों का आभार श्री सुरेश जी ने किया ।

### नहीं दे रहे आवेदक को सूचना के अधिकार में जानकारी

# लवादा सचिव मूलचंद बिसेन ने कानून को बनाया मजाक

## बार-बार अपीलीय आदेश की कर रहे अवहेलना

हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।






जनपद पंचायत लालबर्रा की ग्राम पंचायत लवादा के लोक सूचना अधिकारी सचिव मूलचंद बिसेन अपीलीय अधिकारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत लालबर्रा के आदेशों की अवहेलना कर रहे हैं और अपनी मनमानी पर उतारू है। भारतीय संविधान द्वारा आम आदमी को प्रदत्त सूचना का अधिकार कानून को मजाक बनाकर रख दिया है लवादा सचिव शायद यह भूल गये है कि यह उनके घर की पंचायत नहीं है यह एक शासकीय संस्था है. और वह वहां के नौकर है.? और उन्हें शासन के निर्देशों और वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों का पालन करना भी सुनिश्चित करना है लेकिन लापरवाह सचिव द्वारा एक बार नहीं दो बार आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन पर सूचना के अधिकार के तहत जानकारी नहीं दी गई ना ही अपील आदेश होने के उपरांत भी आवेदक को जानकारी दी गई। अपीलीय अधिकारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत लालबर्रा द्वारा सूचना न देने पर दंडात्मक कार्रवाई की अनुशंसा तो की गई लेकिन वह कार्रवाई जनपद पंचायत तक ही सिमट सी गईं। करवाई मात्र दिखावा साबित हुई। बार-बार कानून का उल्लंघन करने वाले ऐसे लापरवाह सचिव पर विभागीय कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही है.यह तो प्रथम अपील अधिकारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी चंदर सिंह मंडलोई ही बता सकते हैं. जो सवाल है.?

**भ्रष्टाचार की आशंका..क्या है पूरा मामला:** आवेदक द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6(1 )के अंतर्गत कार्यालय ग्राम पंचायत लवादा को पहला आवेदन दिनांक 16.5. 2025 को प्रस्तुत किया गया जिसमें आवेदक द्वारा वर्ष 2022 से वर्ष 2024 तक 15 वित्त आयोग की राशि से कराए गए निर्माण कार्यों में उपयोग की सामग्री एवं पक्के बिल और सामग्री सप्लायर के नाम की जानकारी चाही गई थी बावजूद लोक सूचना अधिकारी लवादा द्वारा आवेदक को जानकारी नहीं दी गई आवेदक द्वारा नियम अनुसार मामले पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत लालबर्रा को दिनांक 23.6. 2025 को प्रथम अपील प्रस्तुत की गई अपील सुनवाई करते हुए यह आदेश जारी किया गया की आवेदक को 17. 6. 2025 तक जानकारी उपलब्ध कराये लेकिन लवादा सचिव द्वारा आवेदक को जानकारी प्रदाय नहीं की गई। अपील आदेश की अवहेलना के चलते अपीलीय अधिकारी जनपद पंचायत लालबर्रा द्वारा लवादा सचिव मूलचंद बिसेन को आवेदक को जानकारी प्रदाय नहीं करने के कारण दंडात्मक कार्रवाई की अनुशंसा की गई। वही दूसरे मामले में आवेदक शैलेश कुमार जायसवाल द्वारा कार्यालय ग्राम पंचायत लवादा को दिनांक 26 9.2025 को सूचना के अधिकार के तहत एक आवेदन प्रस्तुत किया गया आवेदक द्वारा ग्राम पंचायत में वर्ष 2022 से 25 तक 15 वित्त आयोग से कराए गए निर्माण कार्यों में उपयोग की गई सामग्री पर खर्च राशि के बिल रॉयल्टी सामग्री खरीदी के लिए समाचार पत्रों में प्रकाशित निविदा की जानकारी चाही गई थी लेकिन फिर भी लापरवाह सचिव मूलचंद बिसेन द्वारा आवेदक को समय सीमा में जानकारी नहीं प्रदाय की गई आवेदक द्वारा नियम अनुसार दिनांक 9/11/2025 को प्रथम अपील प्रस्तुत की गई जिसकी सुनवाई करते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत लालबर्रा द्वारा लवादा सचिव मुलचंद बिसेन को अंतिम अवसर देते हुए दिनांक 9. 12. 25 आवेदक को जानकारी देने निर्देशित किया गया लेकिन नियम और कानून की धज्जियां उड़ा रहे सचिव द्वारा आवेदक को जानकारी नहीं दी गई जिसके चलते सचिव के विरुद्ध दूसरी बार अनुशासनात्मक कार्रवाई की अनुशंसा की गई थी।

**सीईओ चंदर सिंह मंडलोई की कार्यवाही पर सवाल:**सवाल इस बात का है कि ग्राम पंचायत लवादा के सचिव द्वारा एक बार नहीं बार-बार संविधान द्वारा प्रदत कानून का उल्लंघन किया गया है। बावजूद मुख्य कार्यपालन अधिकारी चंदर सिंह मंडलोई द्वारा आरोपी सचिव के विरुद्ध औपचारिकता मात्र की कार्यवाही की गईं हैं जो सिर्फ जनपद तक ही सीमित है ना वह कार्रवाई जिला प्रशासन को भेजी जा रही है और ना ही मध्य प्रदेश राज्य सूचना आयोग भोपाल को भेजी गई है. जो इस बात को दर्शाती है कि ज़ब बड़े स्तर के ही अधिकारी को ही कानून का ज्ञान नहीं है तो छोटे स्तर के कर्मचारी तो कानून को मजाक बनाएंगे ही अगर समय रहते ऐसे लापरवाह सचिव पर कार्रवाई नहीं की जाएगी तो आम जनता का सूचना के अधिकार कानून पर से विश्वास उठ जाएगा. और शासकीय कर्मचारी आम आदमी के अधिकारों का हनन करते रहेंगे आने वाले दिनों में देखना होगा कि मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत लालबर्रा चंदर सिंह मंडलोई द्वारा बार-बार कानून का उल्लंघन करने वाले लापरवाह सचिव पर क्या दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाती हैं।

# कलेक्टर ने की कृषि एवं उद्यानिकी विभाग की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने 07 जनवरी को कृषि, उद्यानिकी एवं कृषि अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर विभागीय योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। इस दौरान विभागीय लक्ष्यों की पूर्ति के लिए तत्परता से कार्य करने के निर्देश दिये गए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सराफ भी उपस्थित थे।

बैठक में बताया गया कि किसानों को उर्वरक सुगमता से उपलब्ध कराने के लिए आने वाले समय में ई-टोकन जारी किये जाएंगे, इसके लिए किसानों की फार्मर आईडी का होना अनिवार्य है। ई-टोकन ऑनलाईन जारी होंगे और इसी के आधार पर किसानों को उनकी समिति से उर्वरक का वितरण होगा। कलेक्टर श्री मीना ने इस व्यवस्था के लिए सभी आवश्यक तैयारियॉ शीघ्रता से पूरी करने और किसानों को इस व्यवस्था से अवगत कराने के निर्देश दिये। चालू रबी सीजन में लगायी जाने वाली फसलों की समीक्षा के दौरान निर्देशित किया गया कि रबी सीजन में धान का रकबा कम किया जाए और किसानों को रबी सीजन में धान की बजाय कम पानी में पकने वाली अन्य फसले लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जाए।

पराली प्रबंधन की समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री मीना ने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले में कहीं पर भी पराली जलाने की घटना नही होना चाहिए। यदि कहीं पर भी पराली जलाने की घटना होती है तो ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी की जिम्मेदारी होगी कि वह दोषी व्यक्ति के विरूद्ध जुर्माने एवं एफआईआर की कार्यवाही कराए। सेटेलाईट से पराली जलाये जाने की घटना पर निगरानी रखी जा रही है। लांजी क्षेत्र में पराली जलाने की घटना पर कार्यवाही नही किये जाने के लिए वहां के वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी का 05 दिन का वेतन काटने के निर्देश दिये गए। इसके साथ ही उपसंचालक कृषि को भी कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गए।

बैठक में पराली प्रबंधन के लिए कृषि यंत्र सुपर सीडर, बेलर, हैप्पी सीडर एवं स्मार्ट सीडर के उपयोग को प्रोत्साहित करने कहा गया। इसके लिए जिले में अनुदान पर इन यंत्रों के वितरण का लक्ष्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये गए। कलेक्टर श्री मीना ने लक्ष्य के अनुरूप इन यंत्रों के प्रकरण तैयार नही करने और बैंको को प्रेषित नही किये जाने पर नाराजगी जाहिर की और कृषि अभियांत्रिकी के अधिकारी के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये। जे-फार्म एप्प पर अधिक से अधिक किसानों का पंजीयन कराने के निर्देश दिये गए। इसके साथ ही जिले की सभी 10 प्रयोगशालाओं से लक्ष्य के अनुरूप मिट्टी परीक्षण कर किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड प्रदान करने के निर्देश दिये गए।

जिले के कृषि प्रक्षेत्र किन्हीं, पिपरझरी एवं गढ़ी में खरीफ सीजन में लगायी गई फसलों के उत्पादन की समीक्षा के दौरान निर्देशित किया गया कि जिन प्रक्षेत्रों पर जिले के औसत उत्पादन से कम फसल का उत्पादन हुआ है वहां के प्रभारी का वेतन रोकने की कार्यवाही की जाए। कृषि प्रक्षेत्र की भूमि पर फेंसिंग कर सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के निर्देश दिये गए। राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के अंतर्गत प्रत्येक विकासखंड में व्यावसायिक स्तर पर जैविक उत्पादों के विक्रय के लिए एक-एक केंद्र खोलने कहा गया। एक जिला एक उत्पाद के अंतर्गत जिले में चिन्नौर का रकबा बढ़ाने एवं चिन्नौर चावल के ब्रांडिंग करने के निर्देश दिये गए।

### समर्थन मूल्य पर धान खरीदी को लेकर कलेक्टर ने ली जिला उपार्जन समिति की बैठक

**बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने 07 जनवरी को जिला उपार्जन समिति की बैठक लेकर जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि 20 जनवरी तक धान खरीदी सम्पन्न होने तक पूरी सतर्कता एवं पारदर्शिता के साथ कार्य किया जाए। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिले के किसी भी खरीदी केंद्र पर व्यापारी या बिचोलिया द्वारा किसान के नाम पर धान की खरीदी न होने पाए। इसके लिए सभी खरीदी केंद्रों एवं चेकपोस्टों पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि अन्य राज्यों से धान लेकर आने वाले वाहनों पर विशेष ध्यान रखा जाए तथा संदिग्ध मामलों में तत्काल कार्रवाई की जाए। बैठक में कलेक्टर ने खरीदी केंद्रों पर बारदानों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा खरीदे गए धान का शीघ्र उठाव कर उसे सुरक्षित रूप से गोदामों तक पहुंचाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि धान खरीदी प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और किसानों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। कलेक्टर श्री मीना ने संबंधित अधिकारियों से समन्वय बनाकर कार्य करने तथा नियमित निरीक्षण कर व्यवस्था सुचारू बनाए रखने के निर्देश दिए हैं।